www.bharatsamvad.in
R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

ऐप में पढ़े E-PAPER भारत संवाद
Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

वर्ष :17 | अंक :68 | प्रयागराज ,सोमवार ,09 जून, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1 : 00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 40.c
30.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.700g
चांदी 97.000kg

2 मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है आतंकवाद
कोलंबिया- राष्ट्रपति उम्मीदवार को नाबालिग ने सिर में गोली मारी 06

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे की मौत

मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र के एक गांव में खेलते समय 10 फुट गहरे बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात अकबरपुर झाला गांव में अंश नाम का बच्चा इलाके से गुजर रही बारात को करीब से देखने की कोशिश में गलती से खुले बोरवेल में गिर गया जिससे उसकी गर्दन पर गहरा जख्म हो गया। उसने बताया कि ग्रामीणों ने बच्चे को किसी तरह बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग बच्चे के शव को अपने पैतृक गांव ले गये। परिजन ने इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने बताया कि अंश अपने बड़े भाई चीकू (आठ) के साथ पिछले एक महीने से अकबरपुर झाला में अपने नाना-नानी के घर अपनी मां पूजा के साथ रह रहा था।

### दिल्ली पुलिस ने 66 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया, निर्वासन प्रक्रिया जारी


दिल्ली पुलिस ने शहर में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे इन लोगों को बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ समन्वय में शुरू कर दी गई है। इन सभी लोगों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और वे वीजा एवं आप्रवासन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, एफआरआरओ इन सभी के निर्वासन से पहले कानूनी और दस्तावेज संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। सभी को नियमानुसार बांग्लादेश भेजा जाएगा।

# मैं दिल्ली में रहता हूं लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर हैं

## डीएमके पर निशाना साधते हुए बोले अमित शाह

**निशाना**

▸▸ संबोधन के शुरूआत में अमित शाह ने कहा कि मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकर्ताओं से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं उनसे भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इसने अपने कार्यकाल के पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। रविवार को मदुरै में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी संकल्प लिया कि भाजपा 2026 में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सरकार बनाने जा रही है। शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इसने अपने कार्यकाल के पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। रविवार को मदुरै में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी संकल्प लिया कि भाजपा 2026 में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सरकार बनाने जा रही है। शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराए गए 450 करोड़ रुपये के पोषण किट को एक निजी कंपनी को सौंपकर बहुत बड़ा घोटाला किया और गरीबों को भोजन से वंचित कर दिया। संबोधन के शुरूआत में अमित शाह ने कहा कि मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकताओं से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं उनसे भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी।

मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर लगे रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी।

**पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, पहलगाम में हमारे निर्दोष नागरिकों को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मारा था, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों को सही जवाब दिया. उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है


# एनडीए सरकार ने 11 वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले विकास को नए सिरे से परिभाषित किया: पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बनाया वीडियो**

"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुन: परिभाषित किया है।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की कई पहलों ने किसानों की समृद्धि को बढ़ावा दिया है और कृषि के परिवर्तन को सुनिश्चित किया है, उन्होंने अपनी सरकार के किसान समर्थक कार्यक्रमों के दूरगामी प्रभाव को रेखांकित किया। अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाने से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (8 जून, 2025) को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है। नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनके कार्यकाल के पिछले 11 वर्षों के दौरान की गई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि क्षेत्र में समग्र बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने वादा किया कि किसानों के कल्याण के लिए उनकी सरकार के प्रयास आने वाले समय में और अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे...

## राहुल गांधी के फिक्सिंग वाले बयान पर फडणवीस का पलटवार

"एक मराठी दैनिक के लिए लिखे गए लेख में फडणवीस ने कहा कि जिसे जनता नकार देती है, वह जनादेश को नकार देता है। फडणवीस ने कहा कि अगर आप लोगों को मना नहीं सकते, तो उन्हें भ्रमित करें।



एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने अपने पूरे जीवन में यही गलती की है। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने गांधी पर काव्यात्मक कटाक्ष किया और कहा, ता-उम्र राहुल गांधी आप यही गलती करते रहे, धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे। इससे पहले आज उन्होंने आरोपों को बकवास, झूठ और मतदाताओं का अपमान बताया। एक मराठी दैनिक के लिए लिखे गए लेख में फडणवीस ने कहा कि जिसे जनता नकार देती है, वह जनादेश को नकार देता है। फडणवीस ने कहा कि अगर आप लोगों को मना नहीं सकते, तो उन्हें भ्रमित करें। यही नीति राहुल गांधी अपना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को लोगों ने नकार दिया है, यही वजह है कि वे अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को दोष देकर लोकतंत्र की छवि को धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हर चुनाव में ईवीएम पर सवाल उठाना अब विपक्षी दलों की आदत बन गई है।

# किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही डबल इंजन सरकार :सीएम योगी

"उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के एजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।



एजेंसी

▸▸ योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 में पहली बार देखा होगा कि अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सकता है। जब पीएम मोदी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की... मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना लागू की गई और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई। देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में किसानों का भविष्य सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में डबल इंजन सरकार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के एजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। यह डबल इंजन की सरकार राज्य में अपने किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार आई तो किसान आत्महत्या कर रहे थे। कहीं कोई सुविधा नहीं थी। 2017 में जब हम आए तो सबसे पहले हमने 86 लाख किसानों के 36000 करोड़ रुपए के कर्जमाफी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस नेता

## केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का आरोप

पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मामला है। कांग्रेस नेता इस विषय पर बेवजह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब भारत का संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी देशों के दौरे पर गया तो उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख के लिए व्यापक समर्थन मिला।



एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर पर कथित तौर पर राजनीति करने के लिए कांग्रेस नेताओं की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह मुद्दा देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मामला है। कांग्रेस नेता इस विषय पर बेवजह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब भारत का संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी देशों के दौरे पर गया तो उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख के लिए व्यापक समर्थन मिला। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जिन देशों में हमारे सांसदों का प्रतिनिधिमंडल गया, उन्होंने न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति की सराहना की है।

# मणिपुर में हिंसक प्रदर्शन के बाद पांच जिलों में कर्फ्यू

"मणिपुर में प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डाला: मैतेई लीडर की गिरफ्तारी के विरोध में गाड़ियां फूंकीं, पथराव किया; इंफाल समेत 5 जिलों में इंटरनेट बंद

## इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवा सस्पेंड



एजेंसी

इंफाल : मणिपुर में मैतेई नेता की गिरफ्तारी के बाद पांच जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है. साथ ही इन जिलों में पांच दिनों तक के लिए इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को सस्पेंड कर दिया गया है. इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर में मैतेई संगठन के नेता अरम्बाई तेंगोल के एक नेता और चार सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद यह निर्णय लिया गया. वर्तमान हालात को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत इंफाल घाटी के पांच जिलों - इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है. इसके बाद से ही मैतेई समुदाय के लोगों की आबादी वाले इन पांचों जिलों में पांच या उससे अधिक संख्या में लोगों के इकट्ठा होने के अलावा डंडा, पत्थर या फायर आर्म्स आदि को लेकर चलने पर रोक लगा दी गई है. इस संबंध में मणिपुर के आयुक्त सह सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने अपने आदेश में कहा है कि मणिपुर में विशेषकर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में कानून और व्यवस्था को देखते हुए आशंका है

# बेंगलुरु भगदड़ : बेटे की कब्र पकड़कर रोया पिता

## कहा- जिस जमीन को बेटे के लिए खरीदा, वहीं बनी उसकी कब्र

▸▸ बेंगलुरु में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले भौमिक लक्ष्मण के पिता का रो-रोकर बुरा हाल है.



एजेंसी

हासन (कर्नाटक) : बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाते समय हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 47 लोग घायल हो गए थे. लेकिन इस हादसे में जान गंवाने वाले परिवार के सामने आजीवन न भरने वाला जख्म मिल गया है. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक पिता अपने बेटे की कब्र से लिपटकर रोते नजर आ रहा है. भावुक कर देने वाले इस दृश्य ने सभी को झकझोर दिया. बता दें कि भगदड़ में इंजीनियरिंग के स्टूडेंट भौमिक लक्ष्मण की इसमें मौत हो गई थी. वहीं भौमिक के पिता बीटी लक्ष्मण ने अपने बेटे का शव हासन गांव में दफनाया था. बेटे की मौत से आहत डीटी लक्ष्मण ने जमीन पर लेटकर कब्र से सिर लगाकर कहा, 'जो मेरे बेटे के साथ हुआ, वैसा किसी और के साथ ना हो

**ऐलान** बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट को लेकर भी भरी हुंकार

# चुनाव लड़ने को लेकर चिराग पासवान का बड़ा ऐलान

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार की जनता को तय करना है।


खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने भोजपुर जिले के आरा में एक रैली में यह बयान दिया, जहां उनकी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने चुनावी बिगुल फूंका। बिहार के भोजपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मैं बिहार से नहीं बल्कि बिहार के लिए चुनाव लडूंगा। मैं यह फैसला आप पर छोड़ता हूं। आप तय करें कि मुझे बिहार विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं और किस सीट से। मैं आपके फैसले का पालन करूंगा। उन्होंने कहा, मैं बिहार में विधानसभा चुनाव लडूंगा। मैं सिर्फ बिहार में ही नहीं बल्कि बिहार और उसके लोगों के लिए चुनाव लडूंगा। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करूंगा और बिहार को बदलने के लिए 'बिहार पहले, बिहारी पहले' के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा, बिहार के लोगों को तय करना है कि मुझे राज्य की किस सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए। जब ??भी मैं कोई राजनीतिक फैसला लेता हूं, तो मैं इसे राज्य और उसके लोगों के हित में लेता हूं। पासवान ने कहा कि

"बिहार के भोजपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मैं बिहार से नहीं बल्कि बिहार के लिए चुनाव लडूंगा। मैं यह फैसला आप पर छोड़ता हूं। आप तय करें कि मुझे बिहार विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं और किस सीट से। मैं आपके फैसले का पालन करूंगा।

उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि एनडीए विधानसभा चुनाव में भारी अंतर से जीत हासिल करे। उन्होंने कहा, मेरा गठबंधन केवल बिहार के लोगों के साथ है, मैं एनडीए को मजबूत बनाने के लिए सभी 243 सीटों पर चुनाव लडूंगा। मैं बिहार और राज्य के लोगों के लिए जिऊंगा और मरूंगा... राज्य के गौरव के लिए। पासवान ने यह भी स्पष्ट किया कि अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की उनकी योजना को उनकी मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

चिराग ने वादा किया कि बिहार को देश का नंबर-1 राज्य बनाकर रहेंगे. आगे कहा कि मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाल दिया था. तब यहां की जनता ने ही मेरा साथ दिया. बिहार की जनता ही मेरा परिवार है, ऐसे में अब यह फैसला भी बिहार की जनता को ही लेना है कि मैं कहां से विधानसभा चुनाव लडूं. यह भी आप पर ही छोड़ता हूं. आप जहां से बोलेंगे मैं वहां से बिहार विधानसभा चुनाव लडूंगा और आपके क्षेत्र का विधायक बनूंगा.

# उतर प्रदेश में कांग्रेस अकेले अपने दम पर लड़ेगी पंचायत चुनाव: अजय राय



○ सिराथू में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही चुनाव हरवाया, इसकी मेरे पास जानकारी है। उन्होंने मौर्य को चुनाव जीतने के लिए सीट बदलने की सलाह दी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस की उतर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी पंचायत चुनाव अकेले अपने दम पर लडेगी। राय ने कहा कि हर बूथ पर कार्यकताओं को मजबूत किया जायेगा और हमारे जितने भी बहादूर साथी हैं, उन्हें पचायत चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा ,जो साथी चुनाव जीतकर या ज्यादा से ज्यादा चुनाव जिताकर आयेंगे, उन्हे विधानसभा चुनाव मेंमौका दिया जाएगा। यहां स्थानीय सांसद इमरान मसूद के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए राय ने कहा , हमारा कार्यकर्ता प्रदेश के बूथ पर काम करता है, जिले में और ब्लाक में काम करता है, उसे हम ताकतवर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में ताकत दिखाने के बाद आगे की रणनीति राष्टीय नेतृत्व तय करेगा। उन्होने कहा, आज मैं अपने लोकप्रिय सांसद बहादूर साथी इमरान मसूद जी को इद उल अजहा की दिली मुबारकबाद देने और उनकी मंगलकामना के लिये आया हूं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, हमें अपनी ताकत को और बढाना है अभी राहुल जी को लेकर प्रदेश में छह सांसद हैं और दो विधायक हैं, हमें और ताकत बढानी है।

## सम्पादकीय

# निर्धनता से मुक्ति, गरीबी का निवारण बड़ी सफलता

विश्व बैंक की रपट के अनुसार भारत में 2011 से 2023 के बीच 17 करोड़ से अधिक लोग अति निर्धनता से मुक्त हुए जो मोदी सरकार की उपलब्धि है। सरकार की योजनाओं जैसे जन-धन योजना ने गरीबों को आर्थिक सहायता पहुंचाई और भ्रष्टाचार कम किया। उज्ज्वला योजना और मुफ्त अन्न योजना ने भी निर्धनता निवारण में मदद की ।विश्व बैंक की यह रपट मोदी सरकार की एक और उपलब्धि रेखांकित करने के साथ निर्धनता निवारण के प्रयत्नों की सफलता की कहानी भी कहती है कि भारत में 2011 से 2023 के बीच करीब 27 करोड़ लोग अति निर्धनता से मुक्त हुए। इतनी तो कई देशों की कुल आबादी भी नहीं है। ऐसा नहीं है कि पहले की सरकारों ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने के प्रयत्न नहीं किए। उन्होंने किए और वे कुछ हद तक सफल भी रहीं। यह रपट इसकी ओर संकेत भी करती है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि 2014 से 2023 का कालखंड गरीबों के आर्थिक उत्थान में कहीं अधिक सहायक बना। इसके कुछ ठोस कारण हैं। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो अनेक योजनाएं चलाईं, उनका क्रियान्वयन कहीं बेहतर तरीके से किया गया। जैसे जन-धन योजना ।इस योजना के चलते करोड़ों लोग बैंकों से जुड़े। प्रारंभ में इस योजना का यह कहकर उपहास उड़ाया गया कि जब गरीब के पास पैसा ही नहीं तो वह बैंक खाता खोलकर क्या करेगा, लेकिन यही बैंक खाते डीबीटी के जरिये सब्सिडी एवं अन्य वित्तीय सहायता सीधे गरीबों तक पहुंचाने का जरिया बने। इससे गरीबों को उनके हिस्से का पूरा पैसा मिला और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगा। इसी के साथ लोग बैंकों की महत्ता से परिचित हुए और उन्हें मुद्रा सरीखी योजनाओं के तहत लोन लेने में भी आसानी हुई। इससे वे अपना काम-धंधा आसानी से आगे बढ़ा सके ।निःसंदेह जनकल्याण की अनेक योजनाओं ने भी करोड़ों लोगों को निर्धनता की खाई से बाहर निकालने में मदद की। उज्ज्वला रसोई गैस, पीएम आवास जैसी अनेक योजनाओं के साथ करोड़ों परिवारों को मुफ्त एवं रियायती अन्न देने की योजना ने निर्धन वर्ग को बड़ा सहारा दिया। यह उत्साहजनक है कि अत्यधिक गरीबी दर घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हुई, वहीं शहरी क्षेत्रों में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत। इस सबके बावजूद इसकी अनदेखी भी नहीं की जानी चाहिए कि जहां करीब 27 करोड़ लोगों को अति निर्धनता से छुटकारा मिला, वहीं करीब साढ़े पांच करोड़ लोग ऐसे हैं, जो तीन डालर प्रतिदिन से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं ।साफ है कि निर्धनता निवारण के प्रयासों पर जोर देना जारी रखना होगा।

## आज का विचार

हद में रहकर कभी
कामयाबी नहीं मिलती
जीत के लिए हद पार
करनी पड़ती है

भारत संवाद

# मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है आतंकवाद

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है जो मानवता और शांति का शत्रु है। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का भारत दशकों से शिकार रहा है। हमारी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। भारत ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में पूरी दुनिया के सामने मिसाल पेश की है।

आज आतंकवाद पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है। यह मानवता, शांति, सह-अस्तित्व, विकास और लोकतंत्र जैसे मूल्यों का शत्रु है। आतंकवाद एक ऐसी कट्टर सोच का परिणाम है जो सिर्फ. विनाश, भय और नफरत को जन्म देती है। यह न तो कोई समाधान है, न ही किसी बदलाव का माध्यम बन सकता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि आतंकवाद ने कभी कोई स्थायी या सार्थक परिणाम नहीं दिया है। आतंकवाद सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए विध्वंसक आडम्बर मात्र है क यह सोचना भी एक भ्रम है कि कोई आतंकवादी किसी का स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। कोई भी धार्मिक, वैचारिक या राजनीतिक कारण आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। आतंकवाद की कोख से क्रांति नहीं, बल्कि सिर्फ.घृणा, बबार्दी और हताशा जन्म लेते हैं। एक सच्चा और मानवीय उद्देश्य कभी भी खून-खराबे और हिंसा के बल पर हासिल नहीं किया जा सकता। हमारे सामने जितनी भी प्राकृतिक आपदाएं और महामारियां आईं, वे समय के साथ समाप्त हो गई, लेकिन आतंकवाद एक ऐसी महामारी है जो अपने आप खत्म नहीं होगी। इसके खात्मे के लिए ठोस और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। जब तक इसका अस्तित्व रहेगा, यह समाज, विकास और संसाधनों को नुकसान पहुंचाता रहेगा। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी दुनिया के सामने मिसाल पेश की है। द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का भारत दशकों से शिकार रहा है। हाल ही में पहलगाम में जो हमला हुआ, उसमें बेगुनाह पर्यटकों को केवल उनके धर्म के आधार पर मारा गया। यह क्रूरता और बर्बरता की पराकाष्ठा थी। इस हमले का मकसद भारत की एकता को तोड़ना और देश में डर फैलाना था, लेकिन ऐसी कोशिशें हमेशा असफल ही साबित होती हैं। यह सच है कि कोई भी मजहब निर्दोषों की हत्या को उचित नहीं ठहरा सकता। आतंकवादी केवल धर्म का नाम लेकर अपने कुकर्मों को वैधता देने की कोशिश करते हैं। अब हमारी नीति है कि आतंकवादी जहाँ भी हैं हम उन्हें समाप्त करने से नहीं हिचकेंगे। साथ ही आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकार और



आतंकवाद के मास्टरमाइंड के बीच अंतर किए बिना मुंहतोड़ जवाब देंगे ।भारत अब पहले की तरह केवल प्रतिक्रिया करने वाला देश नहीं रहा। हमारी नीति में मौलिक परिवर्तन आया है। अब हम आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर चलते हैं। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 का ऑपरेशन सिंदूर—ये सभी कदम इस नई नीति का प्रमाण हैं। भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह आतंकवादी जहां भी होंगे, उन्हें खत्म करने से पीछे नहीं हटेगा। अब हम यह भेद भी नहीं करते कि आतंकवादी राज्य प्रायोजित हैं या किसी संगठन से जुड़े हैं। जो देश आतंकवाद को समर्थन देते हैं, उन्हें भी अब सीधा जवाब दिया जा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित ह्यनो मनी फॉर टेररह्न सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट कर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा, ₹हम एक अकेले हमले को भी कई हमलों के समान मानते हैं। एक जनहानि भी अनेक जनहानियों के बराबर है। जब तक आतंकवाद का समूल नाश नहीं हो जाता, भारत शांत नहीं बैठेगा।₹ इस वक्तव्य के माध्यम से भारत की नीति की गंभीरता और दृढ़ता एक बार फिर सामने आई है। ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारत ने न केवल आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की, बल्कि यह भी दिखा दिया कि भारतीय सशस्त्र बल और सरकार आतंकवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, आतंकवादियों का सफाया और उनके शिविरों को नष्ट करना एक आवश्यक कदम है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए उस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना होगा, जो इन्हें आर्थिक, वैचारिक और राजनीतिक समर्थन प्रदान करता है। जब तक उस संरचना को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक यह समस्या लौट-लौट कर सामने आती रहेगी। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उन राष्ट्रों का भी खुलासा किया है जो आतंकवाद को रणनीतिक उपकरण की तरह इस्तेमाल करते हैं। पाकिस्तान इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है। भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, तब तक उसे आर्थिक या कूटनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय पाकिस्तान को आर्थिक रूप से भी आघात पहुंचाने वाला है, क्योंकि सिंधु नदी प्रणाली उसकी अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय संकट है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के अनुसार, हाल के वर्षों में आतंकवादी घटनाओं से प्रभावित देशों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह एक ऐसा वायरस है जो न सीमाओं की परवाह करता है और न ही धर्म, भाषा या संस्कृति की। यह पूरे विश्व की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे में, समय की मांग है कि वैश्विक समुदाय सभी प्रकार के मतभेदों और राजनीतिक स्वार्थों को एक ओर रख कर आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करे। कोई भी रणनीतिक गठबंधन या राजनीतिक झुकाव इस वैश्विक लड़ाई की दिशा और प्रभाव को कमजोर नहीं करना चाहिए ।इस लड़ाई में पहला और सबसे बुनियादी कदम आतंकवाद की एक सर्वस्वीकृत और व्यावहारिक परिभाषा तय करना होगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष ह्यअंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलनह्न के माध्यम से इस दिशा में प्रयास किया है, किंतु अब तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई है। इस स्पष्ट परिभाषा के अभाव में आतंकवादी हमलों की जांच, कानूनी कार्रवाई और अभियुक्तों के प्रत्यर्पण जैसी प्रक्रियाएं बाधित होती हैं ।इसलिए यह आवश्यक है कि वैश्विक समुदाय शीघ्र एक स्पष्ट परिभाषा तय करे ताकि आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई प्रभावी और न्यायपूर्ण हो सके।, केवल आतंकी संगठनों को निशाना बनाना पर्याप्त नहीं है। उन देशों की आर्थिक व्यवस्था को भी प्रभावित करना होगा जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद को प्रायोजित करते हैं। पाकिस्तान इसका स्पष्ट उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को यह समझना होगा कि पाकिस्तान को दिए जाने वाले बेलआउट पैकेज और ऋण किस प्रकार सीमापार आतंकवाद के पोषण में खर्च होते हैं। भारत ने कटऋ में दिए गए बयान में यह उजागर किया है कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले देश को बार-बार आर्थिक सहायता देना न केवल गलत संदेश देता है, बल्कि वैश्विक मूल्यों की अवहेलना भी करता है। यह न केवल वित्तीय एजेंसियों की साख पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि ऐसे देशों के लिए एक तरह का प्रोत्साहन भी बन जाता है। जब तक पाकिस्तान अपने आतंकी नेटवर्क को पूर्णतः और ईमानदारी से समाप्त नहीं करता, तब तक उसे किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं दी जानी चाहिए। तीसरा, ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह तथ्य और स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान में स्टेट और नान-स्टेट ऐक्टर्स की गतिविधियों में कोई विभाजन रेखा नहीं बची है। यह तथ्य तब और भी पुष्ट होता है जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद (खीट) जैसे संगठनों के आतंकवादियों को राज्य के अधिकारियों द्वारा सम्मान के साथ अंतिम संस्कार दिया जाता है। एक ऐसा देश, जिसके सैन्य अधिकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित आतंकियों की अंत्येष्टि में भाग लेते हों, उससे आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग की अपेक्षा करना भोलापन होगा। इसके अतिरिक्त, यह खतरा भी लगातार बना हुआ है कि पाकिस्तान में परमाणु हथियारों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और वे नान-स्टेट ऐक्टर्स के हाथों में पहुंच सकते हैं। यह समस्त मानवता के लिए अत्यंत गंभीर खतरा है। अतः यह आवश्यक है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लाया जाए ।चौथा, प्रॉक्सी युद्ध की चुनौती भी उतनी ही खतरनाक है। कुछ देश अपने मित्र राष्ट्रों की आड़ में अपने पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाते हैं, और जब तक इस प्रवृत्ति को सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं किया जाएगा, तब तक यह सिलसिला चलता रहेगा। आतंकी हमलों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया किसी विशेष स्थान या पीड़ितों की राष्ट्रीयता पर आधारित नहीं होनी चाहिए। जब देश अपने हितों के अनुसार यह तय करते हैं कि किस हमले की निंदा करनी है और किसे अनदेखा करना है, तब यह आतंकवाद के विरुद्ध सामूहिक प्रयासों को कमजोर करता है और अप्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को वैधता प्रदान करता है ।पांचवां, पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठनों के सुरक्षित ठिकानों का प्रभाव केवल दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशि:** आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है. परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी को करने की योजना बना सकते हैं. प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ किसी रोमांटिक डिनर डेट को प्लान कर सकते हैं.

**वृष राशि:** आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा. आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप उसे किसी काम को निपटाने में लगाएं, नहीं तो समस्या हो सकती है. यदि आपने गुस्से से कोई निर्णय लिया, तो इसमे आपको किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है. आपकी नौकरी में यदि कुछ समस्या आ रही थी

**मिथुन राशि:** आपके लिए कुछ तनावग्रस्त रहने वाला है. संतान के करियर को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे और कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का बोझ बढ़ सकता है. आप अपने कामों में लापरवाही बिल्कुल ना बरतें, नहीं तो आपको समस्या हो सकती है. आपकी अपने किसी मित्र से पुराने समय बाद मुलाकात होगी.

**कर्क राशि:** आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है. आपको अपने किसी परिवार के सदस्य की बात का बुरा लग सकता है. यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा है, तो उसमें सुधार हो सकता है, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर आपके मन में चिंता बनी रहेगी, इसलिए आप अपने बढ़ते खर्चो पर लगाम लगाएं.

**सिंह राशि:** आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में कोई ऐसी बात होगी, जिससे आपके मान सम्मान को ठेस पहुंच सकती है, जिसके बाद आप परेशान रहेंगे. व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है.

**कन्या राशि:** आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आप अपने रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिनके लिए आप अपने मित्रों से बातचीत कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र में आपके साथ कोई धोखा कर सकता है, जिनसे आपको सावधान रहना होगा और आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपको समस्या हो सकती है.

**तुला राशि :** आपके लिए सामान्य रहने वाला है. गृहस्थ जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे और उनके मन की बातों को जानेंगे व समझेंगे. आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतनी होगी, नहीं तो किसी दुर्घटना के होने का भय सता रहा है.

**वृश्चिक राशि:** आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए बेहतर रहने वाला है, लेकिन आप साझेदारी में किसी काम की शुरूआत ना करें, नहीं तो समस्या हो सकती है. जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी.

**धनु राशि:** आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा. यदि आप किसी नये बिजनेस की शुरूआत करना चाहते हैं, तो उसके लिए दिन बेहतर रहने वाला है. जीवनसाथी के साथ आप लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बनाएंगे और उनके साथ चल रहे वाद विवाद को समाप्त करेंगे.

**मकर राशि :** आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है. आप कुछ घरेलू मुद्दों को लेकर परेशान रहेंगे, जिनके लिए आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह मशवरा ना करें। यदि आप किसी बड़े निवेश की योजना बना रहे थे, तो उसमें आप दिल खोलकर निवेश सकते हैं.

**कुंभ राशि :** कर रहे लोगों के लिए कुछ समस्याओं भरा रहेगा, उनके कुछ कामों में उनके साथी विघ्न डाल सकते हैं, जिससे वह परेशान रहेंगे और आपको अपने घर परिवार में किसी नए मेहमान के आने के संकेत मिल सकते हैं

**मीन राशि :** विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है. यदि उन्होंने किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं, जिससे उन्हें प्रसन्नता होगी. सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को अच्छा लाभ मिल सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भीड़,भगदड़ और मौतें, आखिर जिम्मेदार कौन?

(मनोज कुमार अग्रवाल)



आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ऐतिहासिक जीत के जश्न में अचानक यमराज की एन्ट्री से रंग में भंग हो गया है। रॉयल चैलेंजर की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ से 11 लोगों की जान चली गई। इस पूरे मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और कर्नाटक सरकार ने पल्ला झाड़ लिया था लेकिन अब इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्शन लिया है। इस दर्दनाक घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। यह मामला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी.एम. जोशी की पीठ के समक्ष उठाया गया है। हाई कोर्ट ने जहां इस मामले में सरकार ने रिपोर्ट मांगी है तो वहीं उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान सरकार का झूठ भी पकड़ा गया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने दावा किया था कि कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए 5000 पुलिसकर्मी तैनात थे। कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के आईपीएल समारोह के दौरान 1,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बाद में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरसीबी,इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए नेटवर्क्स और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के जिम्मेदार प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के आदेश देते हुए बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त आयुक्त, डीसीपी सेंट्रल, एसीपी और जहां यह घटना हुई उस थाने क्यूबन पार्क के इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। जीत के जश्न का भयावह हादसे में बदलना काफी कष्टदायक और रूह कंपाने वाली काफी दुःखद घटना है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ में 11 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी है और कई लोग घायल हुए हैं। क्रिकेट के प्रशंसक अपनी टीम की खुशी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, मगर इसमें से कुछ के परिवारों को ऐसी कष्ट और पीड़ा मिली है, जिसको वे जीवन भर नहीं भूल सकते हैं। दरअसल आईपीएल में पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी की टीम की जीत की खुशी में जश्न का आयोजन किया गया। जैसे ही आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के लिए विक्ट्री परेड की घोषणा हुई, उसके बाद लाखों की संख्या में प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर एकत्रित हो गए। जानकारी के अनुसार भगदड़ तब मची, जब हजारों प्रशंसक विभिन्न द्वारों से जल्दबाजी में स्टेडियम में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद भारी भीड़ अनियंत्रित थी। खबर यह भी है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज किया गया, जिससे भगदड़ मची। खबरों के अनुसार भीड़ काफी ज्यादा थी। अनुमान है कि करीब 3 लाख लोग इस जश्न में शामिल होने पहुंचे थे, जबकि स्टेडियम की कुल क्षमता सिर्फ 40,000 लोगों की है। देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही है, क्योंकि अपने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी किसी से नहीं छिपी नहीं है। हर उम्र के लोगों में क्रिकेट और क्रिकेटरों के लिए जैसी दीवानगी देखी जाती है, वैसी किसी और खेल और खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। अगर बात विराट कोहली की हो तो उनके चाहने वाले किसी भी हद तक गुजरने के लिए तैयार हो जाते हैं। आईपीएल में मिली इस जीत से कोहली के प्रशंसकों की खुशी चरम पर है, ऐसे में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही था। ऐसे में भगदड़ के इस पूरे मामले पर भीड़ नियंत्रण, आयोजन की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल उठने लाजमी है। कर्नाटक सरकार को पता होना चाहिए था कि ऐसे आयोजनों में क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ेगी, ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत थी। देखा जाए तो अपने देश में भगदड़ एक त्रासदी बन चुकी है, चाहे वो धार्मिक आयोजन हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम, भगदड़ में लोगों की मौतों की खबरें आती ही रहती हैं। भगदड़ की ये घटनाएं बदइंतजामी का ही नतीजा है। भगदड़ की इन घटनाओं से शासन प्रशासन को सबक लेने की जरूरत होती है। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि दोबारा उसी तरह के हालात पैदा न हों। मगर धार्मिक स्थलों पर या ऐसे आयोजनों में जमा होने वाली भीड़ और उसके प्रबंधन को लेकर अक्सर इस हद तक लापरवाही बरती जाती है कि बार-बार भगदड़ की वजह से लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हादसा भी बदइंतजामी का नतीजा है। यह आमतौर पर देखा गया है कि किसी खास आयोजन की तैयारी तो कर ली जाती है, लेकिन भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन के उपाय पहले से नहीं किए जाते। भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि यहां के लोग भीड़ वाले स्थानों में बदइंतजामी के कारण रह-रहकर मरते रहें। जब भी कहीं भीड़ भरे स्थलों में कोई हादसा होता है और उसमें लोग मारे जाते हैं तो घटना की जांच करने-कराने वालों से यही सुनने को मिलता है कि इस पर भी ध्यान दिया जाएगा कि भविष्य में इस तरह के हादसों को कैसे रोका जाए? ऐसा केवल सुनने को ही मिलता है, क्योंकि बार-बार वैसे ही हादसे होते रहते हैं, जैसे पहले हो चुके होते हैं। एक ऐसे समय जब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बातों के साथ इसके लिए प्रयत्न भी हो रहे हैं, तब फिर सार्वजनिक स्थलों में भीड़ नियंत्रण के उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। और सच तो यह है कि भीड़ नियंत्रण के नियम-कानून भी बने हुए हैं, लेकिन उनका पालन मुश्किल से होता है। अपने यहां नियम-कानूनों के उल्लंघन की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है, लेकिन इसका कारण केवल यह नहीं कि लोगों को उनकी परवाह नहीं होती, बल्कि यह भी है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर उनके अनुपालन पर जोर नहीं दिया जाता।

प्रायः यह अनुपालन मनचाहे तरीके से होता है। अधिकतर देखा जाता है कि जब भी कोई भगदड़ मचती है और लोगों की जान जाती है, तो जांच कमेटी का गठन कर दिया जाता है और मुआवजे की घोषणा कर दी जाती है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही कहा कि घायलों का मुफ्त इलाज कराया जाएगा। मगर समझना होगा कि मुआवजे से किसी परिवार के दुःखों का अंत नहीं होता है। जिस किसी परिवार का कोई अपना मारा जाता है, तो उनको ताउम्र ऐसा दर्द मिलता है, जिसको लेकर उसको जीना पड़ता है। मानव प्राण अमूल्य होते हैं और इसकी रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।

# बच्चों के लिए मां के दूध के समान है मातृभाषा

विजय गर्ग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्व प्राथमिक से पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की पहल कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। मातृभाषा में शिक्षा मिलने से बच्चा आसानी से विषय को समझ पाता है। उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस तरह मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा बच्चे के बौद्धिक विकास में सहायक होती है। मातृभाषा प्राथमिक शिक्षा का स्वाभाविक और सर्वाधिक समर्थ माध्यम है। बच्चे चूंकि मातृभाषा अथवा घर में बोली जाने वाली भाषा जल्द से जल्द सीख लेते हैं इसलिए शिक्षा के माध्यम को परिचित भाषा में ढालने में सहायता मिलती है और भाषा शिक्षण की पद्धति को वैज्ञानिक ढंग से लागू करने की राह सुगम होती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा की सिफारिश के अनुसार कक्षा एक से पांच तक बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेगा। इस दौरान वह अपनी पसंद के मुताबिक एक दूसरी भाषा भी पढ़ेगा। जब वह छठी कक्षा में जाएगा तो वह तीसरी भाषा पढ़ेगा। बुनियादी चरण में यानी पूर्व प्राथमिक से दूसरी कक्षा और आयु की दृष्टि से तीन से आठ वर्ष में पढ़ाई मातृभाषा में होनी है। इस चरण में बच्चे पहली भाषा यानी मातृभाषा में पढ़ना लिखना समझना सीखेंगे। दूसरी भाषा को महज मौखिक रूप से बच्चों से परिचित कराया जाना है। तीसरी से पांचवीं कक्षा की आयु यानी करीब 11 वर्ष तक के बच्चे दूसरे विषयों की पढ़ाई भी मातृभाषा में करेंगे। यदि छात्र मौखिक भाषा (दूसरी भाषा) में पर्याप्त दक्षता प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। एक बहुभाषिक देश होने के कारण भारत में भाषा-प्रयोग की दृष्टि से एक बड़ी चुनौती यह है कि ऐसी कई भाषाएं हैं जिनकी कोई अपनी लिपि नहीं है और वे अभी भी मौखिक रूप में ही प्रचलित हैं। इसीलिए जहां मातृभाषा में लेखन की परंपरा न हो, जहां कक्षा में भाषाई विविधता हो, वहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिवर्तन की छूट दी गई है। इससे मातृभाषा और बहुभाषावाद दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इसे ध्यान में रखने की जरूरत है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषाओं को एक-दूसरे की किसी प्रतिद्वं ?द्विता में नहीं रखती, न वह उन्हें बांधती या रोकती ही है। वह उन्हें अपने विकास के लिए मुक्त करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की गई है, जहां बहुभाषावाद का न केवल स्वागत किया जाएगा, बल्कि सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठाया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सहज, स्वाभाविक और नैसर्गिक प्रक्रिया के तहत दूसरी भाषाएं भी सीखने-सिखाने की सुविधा देती है ।भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है। संविधान की आठवीं अनुसूची में अभिलिखित 22 भाषाओं के अतिरिक्त कई अन्य भाषाएं भी हैं। भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की अनेकानेक मातृभाषाओं में स्कूली शिक्षा का जो विकल्प दिया है, उसे पूरा करने की दृष्टि से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा हाल में जारी किए गए भारतीय भाषाओं में प्राइमर और तेरह भाषाओं में विशेष मॉड्यूल बेहद उपयोगी होंगे। अब तक 13 भाषाओं में प्राइमर तैयार किए जा चुके हैं, जिनमें कश्मीरी (फारसी-अरबी), सिंधी (देवनागरी), सिंधी (फारसी-अरबी), कश्मीरी (देवनागरी), बाल्टी, संताली, जेमी, उर्दू, संगतम, लाई (पावी), गोंडी-तेलुगू, भीली (वागड़ी) और चोकरी शामिल हैं। कुल प्राइमर की संख्या 117 हो गई है। भारतीय भाषाओं में ये प्राइमर केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किए गए हैं।

# मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पीयूष गोयल से की स्नेहिल भेंट



भारत संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार की देर शाम आज देश की राजधानी नई दिल्ली में कर्मठ और परिश्रमी व्यक्तित्व से विभिन्न विभागों को नया आयाम देने वाले वैश्य समाज के गौरव केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं कपड़ा पीयूष गोयल से स्नेहिल भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में औद्योगिक विभाग एक नई ऊंचाई प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री के मंशा के अनुरूप फाइव ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

# मानसून से पहले नाला सफाई कार्य पूरा करने पर जोर

## प्रयागराज नगर निगम अभियान चलाकर मानसून आने से पहले पूरी करेगा नाला की सफाई

भारत संवाद

प्रयागराज, बारिश के दिनों में प्रयागराज में जल जमाव की समस्या लगातार बनी रहती है। इसको देखते हुए इस बार नगर निगम की तरफ से मानसून आने के पहले ही शहर के सभी नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बारिश के दौरान सड़क पर जल जमाव को रोका जा सके। इसमें रोबोट का इस्तमाल नगर निगम की तरफ से किया जा सके। जिससे सफाई कर्मियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सके। नालों की सफाई के दौरान निकलने वाली सिल्ट यानी गंदगी अक्सर निगम के कर्मचारी कई दिनों तक सड़क पर ही छोड़ देते हैं।



जिससे वह सूख सके और उसके बाद उसे उठाते हैं। इस दौरान सड़क पर बड़ी सिल्ट आधे से अधिक उड़कर नाले में वापस चली जाती है। जिससे नाले के जाम होने की दिक्कत आती है। साथ ही सड़क से गुजरने वाले लोगों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए महापौर ने निर्देश दिया है कि नालों की सफाई के दौरान निकलने वाली गंदगी को 12 घंटे के अंदर सड़क से उठा लें। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। इस बारे में महापौर गणेश केसरवानी ने बताया कि शहरियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बारिश के दिनों में सड़कों पर होने वाले जल जमाव को रोकने के लिए नगर निगम की तरफ से सभी प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। नाला सफाई अभियान भी इसका अहम हिस्सा है।

फास्ट ट्रैक

### थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः08.06.2025 को उप निरीक्षक आनन्द शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टी 1.शिवसागर पुत्र भूपेन्द्र, 2.बिटोला देवी पत्नी शिवसागर निवासीगण विजयपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, व 3. बृजमोहन पुत्र लोकई निवासी महुवाडाड़ थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

### थाना को0देहात पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0देहात पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः08.06.2025 को उप निरीक्षक रमेश प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारण्टी ओमप्रकाश पुत्र स्व0रामआसरे निवासी भिस्कुरी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

### थाना जमालपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जमालपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः08.06.2025 को उप निरीक्षक सुनील राय मय पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारण्टी डिम्पल जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल निवासी भाईपुर कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

### थाना चिल्ह पुलिस द्वारा 15 पाउच टेट्रा पैक अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः08.06.2025 को उप-निरीक्षक सुनील कुमार चौकी प्रभारी टेढ़वा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चिल्ह क्षेत्र से अभियुक्त रामलाल पुत्र स्व0धारीराम निवासी कयमा रसूलपुर थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर को 15 पाउच टेट्रा पैक अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-136/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

### थाना सन्तनगर पुलिस द्वारा 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः07.06.2025 को उप-निरीक्षक जियालाल यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना सन्तनगर क्षेत्र से अभियुक्त राममूरत भारती पुत्र स्व0लाले भारती निवासी शीतलगढ़ पटेहरा खुर्द थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर को जरिकेन में रखे 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सन्तनगर पर मु0अ0सं0-75/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

# इफको फूलपुर द्वारा पर्यावरण सप्ताह 2025 के अंतर्गत रन फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम का आयोजन, घियानगरवासियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

भारत संवाद

फूलपुर, प्रयागराज, इफको फूलपुर इकाई द्वारा पर्यावरण सप्ताह 2025 के अवसर पर आज एक विशेष आयोजन रन फॉर एनवायरनमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें घियानगर क्षेत्र के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह दौड़ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय को हरित जीवन के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।दौड़ की शुरूआत इफको फूलपुर के गेट नंबर 4 से हुई और पूरे घियानगर क्षेत्र में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय वैश्य, कार्यकारी निदेशक (तकनीकी), इफको उपस्थित रहे, जिन्होंने रीबन काटकर दौड़ का शुभारंभ किया।इस कार्यक्रम में इफको के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी सहभागी बने, जिनमें प्रमुख रूप से निम्न अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल रहेः श्री स्वयं प्रकाश, महामंत्री , इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन, श्री पंकज पांडेय, अध्यक्ष, इफको कर्मचारी यूनियन, श्री




ए. पी. राजेन्द्रन, वरिष्ठ महाप्रबंधक (नैनो),श्री पी. के. पटेल, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), श्री रत्नेश कुमार (महाप्रबंधक तकनीकी),श्री ए. के. गुप्ता, संयुक्त महाप्रबंधक (अमोनिया) कार्यक्रम का समन्वय पर्यावरण विभाग से श्री उमेश कुमार ने किया तथा श्री मनोज कुमार, श्री विवेक यादव, एवं श्री सुरेश यादव के साथ बड़ी संख्या में महिलायें एवं बच्चों ने भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने धरती बचाओ, पेड़ लगाओ, स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन जैसे नारों के साथ दौड़ में भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक वातावरण बना। मुख्य अतिथि श्री संजय वैश्य ने अपने उद्बोधन में कहा, पर्यावरण संरक्षण के इस संकल्प में इफको की भूमिका केवल एक औद्योगिक इकाई तक सीमित नहीं है, बल्कि हम एक सामाजिक भागीदार के रूप में कार्य कर रहे हैं। रन फॉर एनवायरनमेंट इस दिशा में एक मजबूत संदेश है। दौड़ के पश्चात सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र, पौधे एवं पर्यावरण संबंधी उपहार वितरित किए गए। साथ ही घियानगर परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण भी किया गया। इफको फूलपुर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और समुदाय के सहयोग से स्थायी विकास की दिशा में एक सार्थक कदम रहा।

# "Sundays on Cycle" के तहत उत्तर मध्य रेलवे द्वारा फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन

भारत संवाद

फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल (Sundays on Cycle) पहल को बढ़ावा देते हुए आज दिनांक 08 जून 2025 को उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेल गाँव, सुबेदारगंज, प्रयागराज में एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। फिट इंडिया मिशन के महत्व पर बल देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि फिट रहने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग साइकिल चलाए।इससे हमारे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा साथ ही पर्यावरण पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। प्रतिभागियों ने सुबह की ताजगी भरी हवा में साइकिल चलाते हुए स्वस्थ शरीर, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। इसे फिट इंडिया मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को भी दोहराया। इस साइकिल रैली में महाप्रबंधक श्री जोशी सहित रेलवे अधिकारियों, कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से न केवल फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिला। यह उल्लेखनीय है किSundays on Cycle अभियान, जो 17 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली से केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया था, अब एक राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह कार्यक्रम देशभर में 5500 से अधिक स्थानों पर आयोजित हो चुका है, जिसमें अब तक 3 लाख से अधिक नागरिक



भागीदारी कर चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 117वें संस्करण में इस पहल की सराहना की थी।उत्तर मध्य रेलवे स्वास्थ्य, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्मचारियों और समुदायों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्र निर्माण में वार्ष्णेय समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो -अनिल वार्ष्णेय

भारत संवाद

लखनऊ :- आज दिनांक 8 जून 2025 को वीवीएस राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन की एक बैठक राज्य अतिथि ग्रह मीराबाई मार्ग लखनऊ में न्यायमूर्ति श्री योगेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय गुरुग्राम ने किया। इस बैठक में वार्ष्णेय समाज के महानुभावों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्ष्णेय समाज को संगठित करने पर जोर दिया गया है।।इस बैठक में वार्ष्णेय समाज के लोगो ने अपने अपने विचारों के माध्यम से समाज को एकत्रित करने पर विचार विमर्श किया। वही संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय ने वार्ष्णेय समाज को एक जुट करने पर जोर दिया और कहा कि कोई भी राष्ट्र समाज से बनता है, और समाज लोगों से ,जिस समाज के लोग एकजुट होंगे तो न समाज कमजोर होगा और न राष्ट्र। अतः राष्ट्र निर्माण में वार्ष्णेय समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।वही राजनीतिक संगठन का विस्तार करते हुए कमल कुमार जी को लखनऊ का प्रभारी नियुक्त किया गया



, वही साथ साथ पीयूष गुप्ता को हैदराबाद का प्रभारी , योगेश गुप्ता को मुंबई से संगठन मंत्री ,राजेश वार्ष्णेय को मथुरा का सयोंजक,हाथरस जिले का संगठन मंत्री स्वेत वार्ष्णेय एवं नगेन्द्र गुप्ता को ग्वालियर का प्रभारी नियुक्त किया है। बैठक में न्यायमूर्ति योगेश चंद्र गुप्ता (सेवनिर्वित इलाहाबाद हाईकोर्ट), अनिल वार्ष्णेय राष्ट्रीय संयोजक वीवीएस, वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार नवरत्न, कमल कुमार, गोविंद लाल गुप्ता, हर्ष गुप्ता ,नितिन वार्ष्णेय, ऊ.ढ. गुप्ता, सुशील वार्ष्णेय ,साधना गुप्ता, सी .के .वार्ष्णेय, बांके विहारी वार्ष्णेय (गुड़गांव ), शुभम गुप्ता आदि वार्ष्णेय समाज के लोग मौजूद रहे।

# थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर पर दिनांकः04.06.2025 को वादिनी उर्मिला देवी पत्नी स्व0शिव प्रकाश निवासी परानीपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी की पुत्री की दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने एवं हत्या कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई ।उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-176/2025 धारा 85,80(2) बीएनएस व ३ डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः08.06.2025 को थानाध्यक्ष विन्ध्याचल-अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त 1.नन्दलाल(ससुर-मृतका) पुत्र स्व0शिवनाथ निवासी बिरौरा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर व 2.कोमल(पति-मृतका) पुत्र नन्दलाल निवासी बिरौरा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को बिहसड़ा इण्टर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

# शादी के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

## प्रयागराज में 7 आरोपी गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज और नकदी बरामद

भारत संवाद

प्रयागराज, पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।पुलिस ने चार महिलाओं और तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया है।आरोपी फर्जी विवाह रचाकर गहने, नकदी और दहेज की ठगी करते थे।राजस्थान के अलवर जिले के डोबा गांव निवासी गोपाल गुर्जर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। खुल्दाबाद पुलिस ने तीन टीमें बनाईं। टीमों में महिला उपनिरीक्षकों को भी शामिल किया गया। छह फर्जी आधार कार्ड और 35 हजार रुपए नकद मिले पुलिस ने सबसे पहले शहाना नामक महिला को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर अन्य छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से छह फर्जी आधार कार्ड, 35 हजार रुपये नकद और कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। गिरोह का तरीका था कि महिलाएं दुल्हन बनकर शादी करतीं।शादी के बाद मौका देखकर गहने और नकदी लेकर फरार हो जातीं। गिरोह फर्जी रिश्तेदार बनाकर लोगों को शादी के लिए राजी



करता था। सात में से छह आरोपी प्रयागराज के और एक राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस अब इनके पिछले अपराधों की जांच कर रही है।

शुभारंभ

## वर्ल्ड ओशन डे के अवसर पर पाँच दिवसीय कार्यशाला जल की महत्ता को समर्पित

# परमार्थ निकेतन में माँ गंगा आरती प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ

भारत संवाद

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन, नमामि गंगे और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में माँ गंगा जागरूकता एवं आरती प्रशिक्षण की पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ वर्ल्ड ओशन डे के पावन अवसर पर हुआ। यह कार्यशाला माँ गंगा आरती की पूजन विधियों का प्रशिक्षण के साथ जल की महत्ता का एक गहन संदेश भी देती है।कार्यशाला का शुभारंभ परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में दीप प्रज्वलन हुआ। इस पवित्र अवसर पर गंगा बेसिन और तटीय राज्यों से आए हुए पुरोहितों, गंगा सेवकों और युवाओं को गंगा आरती की वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और सामाजिक महत्ता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने

- परमार्थ निकेतन, नमामि गंगे और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में माँ गंगा जागरूकता एवं आरती प्रशिक्षण की पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ
- पुरोहित केवल पूजा के अधिकारी नहीं जनजागरण के पथप्रदर्शक : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

कहा कि माँ गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, एक जीवनधारा है। जैसे समुद्र पृथ्वी का हृदय है, वैसे ही गंगा भारत की आत्मा है। आरती का यह प्रशिक्षण केवल मंत्रों और दीपों का अभ्यास नहीं, यह हर व्यक्ति के भीतर जल-जागृति और कर्तव्य-बोध का जागरण कराना है।

स्वामी जी ने कहा कि भारत की नदियाँ, विशेषतः माँ गंगा, न केवल लाखों लोगों की आस्था की प्रतीक हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका



और स्वास्थ्य का स्रोत भी हैं। दुर्भाग्यवश, आधुनिकता, प्लास्टिक प्रदूषण और असंवेदनशीलता ने इन जीवनदायिनी नदियों को संकट में डाल दिया है।

स्वामी जी ने कहा कि पुरोहित केवल कर्मकांड के ज्ञाता नहीं, बल्कि जनजागरूकता के अग्रदूत बनें। पुरोहित आस्था और समाज के बीच की सबसे प्रभावशाली कड़ी है। जब आस्था से जुड़े पुरोहित जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण जैसे विषयों पर बोलते हैं, तो वह केवल संदेश नहीं होता, वह श्रद्धा से जुड़ा हुआ एक दिव्य उपदेश बन जाता है और उनके द्वारा कहा गया हर मंत्र, हर उपदेश समाज के व्यवहार को दिशा दे सकता है और जनमानस में स्थायी परिवर्तन का माध्यम बन सकता है इसलिए समय की मांग है कि पुरोहित केवल पूजा के अधिकारी न बनें, बल्कि जनजागरण के पथप्रदर्शक भी बनें।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि जब हम माँ गंगा की आरती करते हैं, हम केवल जल की पूजा नहीं करते बल्कि हम जीवन की पूजा करते हैं। यह कार्यशाला गंगा तट पर सेवा कर रहे पुरोहितों को यह समझाने का माध्यम है कि हर दीप, हर मंत्र, हर आरती एक जन-जागरण का एक दिव्य उपकरण है।

परमार्थ निकेतन में आयोजित जल की महत्ता पर केंद्रित यह प्रशिक्षण माँ गंगा आरती की विधि और उसका आध्यात्मिक-सांस्कृतिक अर्थ, संवेदनशीलता के साथ मंत्रों का उच्चारण, जल संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के संदेश को आरती में कैसे जोड़ा जाये यह संदेश पुरोहितों को दिया जाता है।वर्ल्ड ओशन डे के अवसर पर इस कार्यशाला का प्रारंभ यह बताता है कि महासागर हो या नदी हर जल स्रोत हमारी चेतना और अस्तित्व से जुड़ा हुआ है।

# गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में विश्व हिंदू महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल पहुंचा पीड़ित रामबाबू तिवारी के घर,परिजनों ने मिलकर दी सांत्वना



हर्षित मिश्रा/भारत संवाद

कौशाम्बी यूपी के कौशाम्बी जिले में रामबाबू तिवारी की मौत मामले में पीड़ित परिजनों से मिलने विजय तिवारी (प्रदेश उपाध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में विश्व हिंदू महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल सैनी थाना अंतर्गत लोहंदा गांव पहुंचा और पीड़ित ब्राह्मण परिवार से मुलाकात कर स्वर्गीय रामबाबू तिवारी उनके पुत्र व पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और उनके दुख में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार का गहरा दर्द और असहनीय पीड़ा शब्दों से परे है। उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे अकेले नहीं हैं, प्रशासन द्वारा पीड़ित परिजनों के साथ की गई बर्बर कार्रवाई की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।हम इस परिवार को ऐसे हाल में नहीं छोड़ेंगे।उन्हें न्याय दिलाने के लिए हम पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़े रहेंगे विश्व हिंदू महासंघ की तरफ से पीड़ित ब्राह्मण परिवार को आर्थिक मदद भी की जाएगी इस मौके पर जिला अध्यक्ष कौशाम्बी ज्ञान स्वरूप मिश्रा ,भारत गर्ग ,ओम प्रकाश मिश्रा ,सच्चिदानंद मिश्रा, सत्यम तिवारी, विक्की तिवारी ,ज्ञानेंद्र तिवारी, रजाई तिवारी, राजकुमार तिवारी, लाला भाई, देवेश दिवाकर, रोहित पांडे, लवकुश द्विवेदी एवं कौशांबी के अन्य ब्राह्मण समाज सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए।

# अटल आवासीय विद्यालय में कराया गया योगाभ्यास



भारत संवाद

अलीगढ़ (सू0वि0): क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. नरेन्द्र कुमार के आदेशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चिरौलिया के योग प्रशिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर शिवा पाठक योग सहायक ललिता एवं क्रष्ण वीर द्वारा अटल आवासीय विद्यालय टमकौली के प्रधानाचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी से सम्पर्क कर प्रातः विद्यालय पँहुच कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के परिप्रेक्ष्य में योगा थीम, योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ के अंतर्गत सत्र का आयोजन कर प्रोटोकॉल के अनुसार छात्र-छात्राओं व विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संजेश कुमार व शिक्षकों विशेष सहयोग रहा विद्यालय की शारीरीक शिक्षिका को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय में अध्ययनरत 115 छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास में सहभागिता की।

# प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं: राजीव गुंबर

## भीषण गर्मी में राहगीरों को शाकुंतलम वेलफेयर सोसाइटी ने बांटा ठंडा शरबत

भारत संवाद

सहारनपुर। निर्जला एकादशी पर शाकुंतलम वेलफेयर सोसाइटी ने मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाते हुए समाज सेवा क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की, साथ ही सड़क पर बिखरे गिलास एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

रेलवे स्टेशन के सामने शाकुंतलम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तीसरी बार मीठे पानी की छबील लगाई गई जिसका उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुंबर, स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी, सोसाइटी अध्यक्ष शरद भार्गव, महामंत्री श्रीमती तमन्ना खनिजो, सचिव श्रीमती सीमा शर्मा एवं कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और राहगिरो को जल पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में प्यासे को जल पिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य नहीं है, और शकुंतलम वेलफेयर सोसाइटी समाज सेवा के क्षेत्र में पूरी तरह समर्पित है निर्जला एकादशी पर पिछले दो सालों से मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य किया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से शिविर संयोजक शेखर ठकराल, सचिव सुबोध खनिजो, गोपाल चोपड़ा, श्रीमती निशा शर्मा, विकेश शर्मा, शालिनी चोपड़ा, संरक्षक नंदकिशोर तलवार, इंजीनियर अश्वनी गुप्ता, मांगेराम गुप्ता, वैभव गुप्ता, अर्पित जैन, अनुज जैन, संजीव बजाज, ममता बजाज, नितिन शर्मा, अजय सिंघल, प्रवीण मोंगा भूपेंद्र मोगा, मुकुल मित्तल, जयराम बंसल, अक्षांश गुप्ता व लकी आर्य समेत संस्था से जुड़े सैकड़ो सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।



फास्ट ट्रैक

## उ.प्र.राज्य महिला आयोग की सदस्य 11 जून को करेंगी जनसुनवाई

भारत संवाद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 11 जून 2025 को पूर्वान्ह 11रू00 बजे सर्किट हाउस सभागार में आयोग की सदस्य श्रीमती सपना कश्यप द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायतें जो महिलाओं द्वारा की जाती है, जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का होना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग द्वारा महिलाओं हेतु संचालित योजनाओं की सूचनाओं के साथ समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## पशु चोर गिरोह सक्रिय पांच भैंसे चोरी

भारत संवाद

सहारनपुर। जनपद के थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत मोहंड के जंगल में पशु चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। अज्ञात चोरों ने वन गुर्जर सैनू अली के डेरे से पाँच भैंसें चोरी कर लीं। इस घटना के बाद वन गुर्जरों में दहशत का माहौल है प्राप्त जानकारी के अनुसार जब सैनू अली सुबह अपने पशुओं को चारा डालने पहुँचा, तो पाँच भैंसें गायब थीं। पहले उन्होंने अपने स्तर पर आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात के अंधेरे में जंगल के भीतर रास्ता बनाकर वाहन के जरिए भैंसों को चोरी कर ले जाया गया फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। वन गुर्जर सेनू अली का कहना है कि उन्हें कुछ संदिग्धों पर शक है और यदि पुलिस ठोस कार्रवाई करे तो जल्द ही चोरों का खुलासा हो सकता है फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की छानबीन जारी है।

## यातायात कर्मियों के लिए प्रमुख चैराहों पर बड़ी-बड़ी छतरियों की व्यवस्था कराई

भारत संवाद



सहारनपुर। गर्मी की तेज धूप में अपनी ड्यूटी निभा रहे यातायात पुलिसकर्मियों के लिए राहत की बड़ी पहल की गई है। पार्षद नितिन जाटव के प्रयासों से शहर के प्रमुख चैराहों पर बड़ी-बड़ी छतरियों की व्यवस्था कराई गई है। ये छतरियां कल्पना टॉकीज पुल, कल्पना टॉकीज के सामने और रागड़ो पुल की चैकी पर स्थापित की गई हैं। इन छतरियों से 24 घंटे तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों को अब चिलचिलाती धूप से राहत मिलेगी। यह पहल न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि उन जांबाजों के प्रति सम्मान भी है, जो हर मौसम में जनता की सुरक्षा में खड़े रहते हैं। इस मौके पर आईआईए अध्यक्ष अनूप खन्ना, राजीव कुमार, प्रवीण कुमार, सुभाष कुमार, आकाश कुमार, और प्रमोद कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शुद्ध पर्यावरण के लिए पौधारोपण आवश्यक: नगर विधायक



भारत संवाद

सहारनपुर। भारतीय व्यापार मंडल द्वारा एक पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम 100 फुटा रोड पर किया गया।

मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर और भागवत आचार्य पंडित अजय किरण ने कहा है की पर्यावरण संतुलन बनाए रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है वृक्ष में केवल हमें शुद्ध वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि जलवायु परिवर्तन करने में सहयोग करता है।

इस कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि महिला महानगर अध्यक्ष श्रीमती आरती शर्मा भाजपा, माणक मऊ मंडल अध्यक्ष जोगिंदर लाला, वार्ड 4 पार्षद अनिल गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सागर ने कहा वृक्ष हमें जैव विविधता को संरक्षित करने और प्राकृति आपदाओं को रोकने मे मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मंत्री सचिन गुप्ता, महिला राष्ट्रीय मंत्री प्रियंका आनंद, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण राठी, प्रदेश मंत्री मुकेश आनंद, महिला प्रदेश मंत्री सविता ठाकुर जिला अध्यक्ष अभिनव गोयल ब।, जिला उपाध्यक्ष प्रवेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कार्तिक जैन, महानगर महामंत्री गौतम वर्मा, महानगर कोषाध्यक्ष दीपांशु वर्मा, महिला जिला प्रभारी सीमा जुनेजा, महिला जिला महामंत्री आशा सब्बरवाल, जिला कोषाध्यक्ष ममता, जिला उपाध्यक्ष रीटा, जिला महिला युवा अध्यक्ष कुमारी विशाखा मालवा, जिला कानूनी सलाहकार योगेश, विजय कुमार, संजीव कुमार उपस्थित रहे। मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक कार्तिक जैन और सविता ठाकुर रहे।

# हवन भण्डारे का आयोजन किया





भारत संवाद

सहारनपुर। गोरक्ष पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष में हिन्दू युवा वाहिनी महानगर द्वारा मानकमऊ स्थित प्राचीन श्री जाहरवीर गोगा म्हाडी पर हवन व भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान प्रदेश मंत्री नागेन्द्र प्रताप सिंह तोमर मौजूद रहे।

इस अवसर पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान महानगर अध्यक्ष रोहित कटारिया ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य भेदभाव भुलाकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना है। इस अवसर पर राकेश कोरी, रोहित गहलोत, राकेश कश्यप, ऋतिक सैनी, विकास सैनी, नितिन, मोनू गुप्ता, विमल गुप्ता, संजय ग्रोवर, हरीश गुप्ता, पदम सिंह राठी, पंकज शर्मा, संजीव सहगल, ,गगन कोरी, राजेन्द्र, पुन्नाराम, शुभम खटीक आदि मौजूद रहे।

# 12 जून गुरुवार को होंगे गुरु अस्त

## मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध, नवम्बर से पुनः बजेगी शहनाई : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी



भारत संवाद

अलीगढ। सनातन धर्म में जब भी कोई शुभ कार्य किया जाता है, जैसे कि विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, उसके लिए शुभ मुहूर्त देखना आवश्यक होता है। मुहूर्त निर्धारण में ग्रहों की स्थिति, विशेष रूप से गुरु और शुक्र ग्रह की स्थिति का अत्यंत महत्व होता है। ये दोनों ग्रह यदि अस्त या कमजोर अवस्था में हों, तो शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार खरमास और चातुर्मास में मांगलिक कार्यों पर प्रतिबंध रहता है। इस बार आज यानि 9 जून तक ही शादी के शुभ मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद अगले 5 महीने तक कोई भी विवाह मुहूर्त नहीं रहेगा, जो कि 1 नवंबर तक विवाह और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य प्रतिबंधित रहेंगे। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज के अनुसार गुरु ग्रह का संबंध विवाह, शिक्षा, ज्ञान, धर्म, और मांगलिक कार्यों से है, जब गुरु अस्त होता है, तो इन सभी कार्यों को टालने की सलाह दी जाती है। गुरु 11 जून से 9 जुलाई तक अस्त रहेगा। इस अवधि में कोई भी शादी, सगाई, गृह प्रवेश, जनेऊ, यज्ञोपवीत, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन नहीं किए जाएंगे। वहीं 6 जुलाई से भगवान विष्णु के शयन के साथ यानि देव शयनी एकादशी से चातुर्मास का आरंभ हो जाएगा। इस दौरान भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं, यह काल आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी यानि 6 जुलाई 1 नवंबर तक रहेगा। चातुर्मास के दौरान सभी शुभ और मांगलिक कार्यों पर धार्मिक रूप से पूर्ण विराम लगा दिया जाता है। इस समय को धार्मिक अनुशासन, संयम, उपवास, साधना और तीर्थ यात्रा के लिए श्रेष्ठ माना गया है। स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने बताया कि नवंबर से दिसंबर तक केवल 17 दिनों तक विवाह का योग है। जिसमें नवंबर माह में विवाह के 09और दिसंबर माह में विवाह के तीन मुहूर्त मिले हैं। नवंबर माह में 18,22,23,24,25,26,27,29और 30 तथा दिसंबर माह के 4,10,और 11 को विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं।

## एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंप पीड़ित ने लगायी गुहार

### पत्नी को सुपुदर्गी में दिलाने व आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

भारत संवाद

सहारनपुर। एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपकर पत्नी को सुपुदर्गी में दिलाये जाने व पत्नी को गुमराह करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। एसएसपी को दिये शिकायती पत्र में राहुल शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी ग्राम खरवाही अमर पाटन सतना, मध्यप्रदेश ने बताया कि उसकी शादी प्रियंका शर्मा पुत्री राजेश्वर प्रसाद से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से उसकी पत्नी प्रियंका शर्मा सहारनपुर आकर एक फर्म में कार्य करने लगी। सहारनपुर निवासी गोविंद चैधरी नामक युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। जिस कारण प्रियंका ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उसे जेल भिजवा दिया। लेकिन बाद में प्रियंका व गोविंद के भाई रोबिन सिंह गुर्जर ने उसे जेल से बाहर निकाला क्योंकि राहुल ने कहा था वह उससे शादी करने को तैयार है। विपक्षी राहुल चैधरी एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो एक जिम सेंटर चलाता है। इसने प्रियंका को फिर झांसे में लेकर कहा कि वह अपने पति से तलाक ले ले तो वह शादी करेगा। पीडित ने यह भी बताया कि उसने उसकी पत्नी को मानसिक व शारीरिक शोषण कर रखा है, तथा उसे अपने पक्ष में किया हुआ है। पीड़ित ने एसएसपी को बताया उसकी पत्नी वर्तमान में ब्रिजेश नगर पेपर मिल रोड पर अकेली रह रही है, क्योंकि विपक्षी राहुल चैधरी उस पर दबाव बनाकर मुझसे तलाक लेने की कोशिश कर रहा है।

# पुलिस ने अवैध तमंचे सहित एक धरा



भारत संवाद

सहारनपुर। डीआईजी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में अपराधियों पर कसते शिकंजे के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध तमंचे सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने गश्त के दौरान ग्राम देवला सरकड़ी रोड से रवि पुत्र रमेश-निवासी हनुमान नगर को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा- आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पूछताछ में रवि ने स्वीकार किया कि वह तमंचा दबदबा बनाने के उद्देश्य से रखता था। पुलिस की सतर्कता व मुस्तैदी से शहर में अपराधियों के हौसले पस्त होते दिखाई दे रहे हैं।

# चोरी की मोटर साइकिल सहित दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

भारत संवाद



सहारनपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरो को गिरफ्तार कर चोरी की एक मोटर साइकिल भी बरामद की है। थाना सदर प्रभारी रोजन्त त्यागी ने बताया कि गत 12 जनवरी 2025 को वादी अंकित सिंह पुत्र स्व.अतर सिंह निवासी ओजपुरा सहारनपुर ने थाना सदर बाजार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ स्पेलेण्डर मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने की तहरीर दी थी जिस पर मु.अ.स.18/ 25 पंजीकृत किया गया। आज थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग के दौरान नवादा रोड पर बंद पड़े भट्टे के पास से नितिन पुत्र ओम प्रकाश निवासी न्यू नवीन नगर व मुकेश कश्यप पुत्र राजकुमार निवासी न्यूज नवीन नगर सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की गयी मोटर साइकिल भी बरामद कर ली गयी। पूछताछ में दोनों शातिर चोरों ने बताया कि उनके द्वारा यह मोटर साइकिल अशोक विहार कालोनी, सहारनपुर से चोरी की गयी थी। पुलिस टीम में एसआई विपिन कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, आरक्षी अजय तोमर, पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।

पदयात्रा

## संत प्रेमानंद ने स्थगित की पदयात्रा, शिष्य बोले-आप लोग घर जाएं, भगदड़ मच सकती है

# श्रद्धालुओं की भीड़, जूते-चप्पलों से भरी गलियां



भारत संवाद

मथुरा, 8 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। निर्जला एकादशी और वीकेंड पर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की 2ड्ट लंबी लाइन लग गई। मंदिर के बाहर लाखों जूते-चप्पलों का ढेर लग गया। गलियां ब्लॉक हो गईं। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कोई भी श्रद्धालु अपने जूते-चप्पल तक नहीं पहुंच सका। जूते-चप्पलों को ठेले पर लादकर हटाना पड़ा। भीड़ को देखते हुए संत प्रेमानंद महाराज ने अपनी पदयात्रा स्थगित कर दी। आश्रम के सेवादार रात 2 बजे माइक लेकर सड़कों पर उतरे। एलाउंस किया कि आज महाराज जी पदयात्रा नहीं करेंगे, आप अपने घर चले जाएं, यहां भगदड़ मच सकती है। सूचना मिलते ही सड़क पर खड़े भक्त निराश हो गए। कश्मीर सहित कई राज्यों से पहुंचे भक्त बिना दर्शन के ही लौट गए। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के पसीने छूट गए। प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा स्थगित होने के बाद यूपी के अलावा कई राज्यों से आए भक्त बिना दर्शन के निराश होकर लौट गए। सड़क पर रंगोली सजाई गई थी, लोग भजन गा रहे थे। इसी बीच केली कुंज आश्रम के सेवादार आए। सेवादारों ने कहा- प्रेमानंद महाराज ने आज के लिए पदयात्रा स्थगित कर दी है। ऐसा अधिक भीड़ होने पर किया गया है। भगदड़ मच सकती है।

भारत संवाद परिवार
1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा। फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



# बॉस से छुट्टी मांगते वक्त इन बातों का रखें खास ध्यान

**बॉस से छुट्टी मांगना आमतौर पर आसान नहीं होता है। कई बार प्लान बनाने से पहले ही सोचना होता है कि छुट्टी कैसे मिलेगी। हालांकि, कई बार छुट्टी लेने के कुछ और तरीकों को भी अपनाकर आप अपने बॉस से लंबी छुट्टी ले सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि जब आप अपने बॉस से छुट्टी मांगने जाते हैं तो आपको किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।**

## प्री प्लान करें

छुट्टी के लिए अचानक से बोलने पर हो सकता है कि आपको छुट्टी नहीं मिले। अगर आपको छुट्टी चाहिए तो आपको अपने बॉस से पहले से बात कर लेना चाहिए। ऐसे में आपको आसानी से छुट्टी मिल सकती है। इसके अलावा, आपकी गैर–मौजूदगी में आपका काम कौन संभालने वाला है, इसके बारे में भी आपको अपने बॉस से बात कर लेना चाहिए।

## बैकअप प्लान करें

लंबी छुट्टी अप्लाई करते समय आपको बैकअप का प्लान तैयार कर लेना चाहिए, ताकि आपकी गैर–मौजूदगी में किसी भी तरह की दिक्कत आती है, तो आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत ना हो। बैकअप बनाने के बाद अगर आप छुट्टी के लिए अप्लाई करते हैं, तो आपको आसानी से छुट्टी मिल जाएगी।

## छुट्टी का कारण

अगर आपको अचानक छुट्टी चाहिए, तो सॉलिड कारण लेकर ही बॉस के पास छुट्टी मांगने जाना चाहिए। अगर आप यह बोलेंगे कि आपको घूमने जाना है, तो हो सकता है कि आपको छुट्टी न मिल पाए। ऐसे में आपको पहले से कारण तैयार रखना होगा कि आपको अपने बॉस से क्या कहना है।

## बॉस का मूड देखकर बात करें

आपको छुट्टी मांगने से पहले अपने बॉस का मूड देख लेना चाहिए। अगर आपके बॉस का मूड अच्छा है, तो आपको तुरंत छुट्टी मिल सकती है। बॉस का मूड खराब होने पर आपको छुट्टी मिलने में दिक्कत हो सकती है । ऐसे में मूड के हिसाब से ही आपको बात करना चाहिए।



# अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है साइंस की फील्ड

**साइंस के क्षेत्र में अच्छे कोर्स करने के बाद, छात्र मालामाल हो सकते हैं, जो उन्हें अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। यहां कुछ कोर्स हैं जो छात्रों को साइंस क्षेत्र में सफलता की ओर ले जा सकते हैं। इन कोर्स के साथ-साथ, छात्रों को निरंतर अध्ययन करने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिल सकता है।**

## स्पेस टेक्नोलॉजी

स्पेस टेक्नोलॉजी, विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत कॉस्मोलॉजी, स्टारर साइंस, एस्ट्रोफिजिक्स, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी आदि विषयों का अध्ययन किया जाता है। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप स्पेस साइंटिस्ट, एस्ट्रोनॉमर, एस्ट्रोफिजिसिस्ट, मैटीरियोलॉजिस्ट, क्वालिटी एश्योरेंस स्पेशलिस्ट, रडार टेक्नीशियन, सेटेलाइट टेक्नीशियन आदि के रूप में नासा, इसरो एवं डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए योग्यता फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथमेटिक्स के साथ बारहवीं होनी चाहिए। ये प्रोग्राम पास करने के बाद आप स्पेस साइंस के बैचलर प्रोग्राम में दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए आपको ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। स्नातक के बाद आप मास्टर्स कर सकते हैं। आप अगर इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी करना होगा।

### कहां से करें कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- तिरुवनंतपुरम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, भुवनेश्वर।
- आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जरवेशनल साइंसेज,
- नैनीताल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरु।

## फूड टेक्नोलॉजी

अच्छे खानपान का शौक रखने के साथ फूड प्रोडक्ट में प्रयोग होने वाले रसायनों, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, उन्हें पैक करने के तरीकों एवं मार्केटिंग से संबंधित बातों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए फूड साइंस एवं टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में एक बेहतरीन करियर ऑप्शन बन कर उभरा है। एक फूड टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में छात्र फूड प्रोसेसिंग कंपनियों, फूड रिसर्च लेबोरेटरी, होटल, रेस्टोरेंटों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

### योग्यता क्या होगी?

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स या होम साइंस के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसके बाद आप फूड साइंस, केमिस्ट्री या माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। बैचलर डिग्री करने के बाद फूड केमिस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और अन्य क्षेत्रों में एडवांस डिग्री भी कर सकते हैं। आप चाहें तो डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन और फूड साइंस एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में डिप्लोमा कर सकते हैं। स्नातक के बाद परास्नातक व रिसर्च करने का विकल्प भी है।

### कहां से करें कोर्स

- सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रॉप प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी
- नेशनल एग्री फूड बायो टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट
- राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन
- नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट अन्ना यूनिवर्सिटी

## मरीन इंजीनियरिंग

मरीन इंजीनियरिंग असल में इंजीनियरिंग की एक शाखा है, जिसमें जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन किया जाता है। मरीन इंजीनियर समुद्री जहाज के सफलतापूर्वक संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं और समुद्र एवं उसके आसपास उपयोग की जाने वाली मशीनों का डिजाइन, रखरखाव, निर्माण करते हैं। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप गवर्नमेंट एवं प्राइवेट शिपिंग कंपनियों, से क्राफ्ट डिजाइनिंग एवं बिल्डिंग, इंजन प्रोडक्शन फर्म में आकर्षक जॉब हासिल कर सकते हैं। मरीन इंजीनियर के लिए भारत और विदेश में भी करियर के अवसरों की एक विस्तृत गुंजाइश है।



भारतीय नौसेना के पनडुब्बी विभाग में जॉब कर सकते हैं।

### योग्यता क्या होगी?

- साइंस बैकग्राउंड के छात्र मरीन इंजीनियरिंग या ओशेन इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक कोर्स के साथ इस करियर में दाखिल हो सकते हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बाद इस विषय में मास्टर्स कर सकते हैं।

### कहां से करें कोर्स

- इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- आईआईटी मद्रास
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मरीन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराते हैं।

## फॉरेंसिक साइंस

फॉरेंसिक साइंस आपराधिक न्याय प्रणाली का एक अहम हिस्सा है। फॉरेंसिक साइंटिस्ट किसी घटना से जुड़े छोटे–छोटे सुराग के जरिये मुजरिम तक पहुंचने और उनसे संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं को समझने के काम करते हैं। आप अगर साइंस बैकग्राउंड के छात्र हैं और जुर्म करने वाले को किसी भी हाल में सामने लाने का जुनून रखते हैं, तो फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में जॉब के मौके उपलब्ध हैं। गवर्नमेंट सेक्टर में आप इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई), स्टेट पुलिस फोर्स के क्राइम सेल, गवर्नमेंट व स्टेट फॉरेंसिक लैब में काम कर सकते हैं। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी में फॉरेंसिक एक्सपर्ट बन सकते हैं। आप चाहें तो फॉरेंसिक टीचर के रूप में भी करियर बना सकते हैं।

### योग्यता क्या होगी?

साइंस स्ट्रीम से बारहवीं पास करने के बाद आप फॉरेंसिक साइंस में स्नातक कर सकते हैं। स्नातक के बाद फॉरेंसिक साइंस और क्रिमिनोलॉजी में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं, मास्टर करने के लिए आपको फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी, बॉटनी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, बी फार्मा, बीडीएस और एप्लाइड साइंस में से किसी एक विषय के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से स्नातक पास करना होगा। अगर आप फॉरेंसिक स्पेशलिस्ट बनना चाहते हैं, तो आपको एमबीबीएस डिग्री प्राप्त करनी होगी और इसके बाद फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी में एमडी भी करना होगा।

### कहां से करें कोर्स

- लोक नायक जयप्रकाश नारायण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, हैदराबाद
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, चंडीगढ़
- डॉ भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी
- बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी

इन संस्थानों से आप बीएससी इन फॉरेंसिक साइंस, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ, एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, एमएससी इन साइबर फॉरेंसिक्स एंड इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्स कर सकते हैं।



# नीट यूजी के लिए ऐसे करें अप्लाई

भारत में मेडिकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए, उम्मीदवारों को नीट के लिए परीक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना होता है, जो कई कैटेगरी से आने वाले छात्रों के लिए अलग–अलग होती हैं। नीट में शामिल होने के लिए, उम्मीदवारों को एनटीए के तरफ से तय की गई नीट की एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरी करनी होगी। चूंकि, इस बार एनटीए ने नीट के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया बदल दी है, इसमें बिना जीव विज्ञान विषय पढ़े छात्र भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। आयोग ने नीट में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा क्षेत्र के में विस्तार करने का अहम फैसला लिया है। अब, अलग से विषय के तौर पर जीव विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी पढ़ने वाले उम्मीदवार भी नीट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस तरह ऐसे छात्र डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं।

## नीट यूजी के लिए स्टेप–बाय–स्टेप ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन

- सबसे पहले, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ऑफिसियल वेबसाइट https://neet.nta.nic.in/ पर जाएं।
- अब, वेबसाइट पर "New Registration" के लिंक को सर्च करके क्लिक करें। अपनी पर्सनल जानकारी, जैसे नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करें। कोशिश करें कि स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी कर लें।
- फिर अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉग इन करें।
- इसके बाद "Fill Application Form" के सेक्शन में जाएं और सभी जानकारी सावधानी से भरें। आपको अपनी निजी जानकारी, एकेडमिक एलिजिबिलिटी, एग्जाम सेंटर से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह ध्यान रखें कि सभी जानकारी सही और सटीक हैं।
- डॉक्यूमेंट अपलोड करें, जैसे पासपोर्ट साइज फोटो, सिग्नेचर, 10 वीं और 12 वीं की मार्कशीट आदि। अपलोड किए गए डॉक्युमेंट के साइज और फॉर्मेट वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के मुताबिक होनी चाहिए।
- एप्लीकेशन फीस का ऑनलाइन पेमेंट करें। पेमेंट के लिए आपको क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पूरी जानकारी भरने और डॉक्यूमेंट अपलोड करने के बाद, एप्लीकेशन फॉर्म को अच्छी तरह से चेक कर लें। फॉर्म में सारी जानकारी सही होने पर "Final Submit" बटन पर क्लिक करें।

## जरूरी बातें

- अप्लिकेशन फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें और किसी भी गलती से बचें, वरना अप्लिकेशन फॉर्म रिजेक्ट हो सकता है।
- एप्लीकेशन फीस का पेमेंट समय से पहले ही कर लें।
- सभी जरूरत के डॉक्यूमेंट अपलोड करें।
- एप्लीकेशन जमा करने से पहले उसकी प्रूफरीडिंग कर लें।
- अधिक जानकारी के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें।

### इन टिप्स को करें फॉलो

- परीक्षा की तैयारी के लिए NCERT की किताबों को पढ़ें।
- पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर का प्रैक्टिस करें।
- पेपर से पहले ऑनलाइन मॉक टेस्ट दें।





**किसी भी छात्र के लिए उसके करियर ऑप्शन का चयन करना एक बेहद ही महत्वपूर्ण निर्णय है। एक बार जब छात्र अपनी ग्रेजुएशन कंप्लीट कर लेते हैं तो वे अपने करियर को एक शेप देना चाहते हैं। आटर्स में बैचलर डिग्री यानी बीए एक ऐसा कोर्स है, जिसे अधिकतर बच्चे चुनते हैं।**

# बी.ए. करने के बाद इन करियर फील्ड में करें ट्राई

आटर्स स्ट्रीम के बच्चों के लिए बीए करना एक बेहतर ऑप्शन माना जाता है। हालांकि, इसके बाद आप पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। इसमें आप इंग्लिश से लेकर पॉलिटिक्स और मनोविज्ञान तक किसी खास विषय को चुनते हैं।

अमूमन यह माना जाता है कि बीए करने के बाद करियर ऑप्शन सीमित हो जाते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आप बीए करने के बाद कई अलग–अलग फील्ड में अपना करियर देख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बीए करने के बाद आप किन फील्ड में करियर बना सकते हैं–

## जर्नलिज्म में आजमाएं हाथ

बीए करने के बाद एडवरटाइजिंग या जर्नलिज्म की फील्ड में करियर के अवसर देखे जा सकते हैं। आप बीए करने के बाद जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद आप टीवी से लेकर रेडियो, अखबार व ऑनलाइन वेबसाइट्स आदि के लिए काम कर सकते हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग से लेकर डिजिटल जर्नलिज्म, पॉडकास्ट, ब्लॉग और एड आदि सभी इस फील्ड से जुड़े हुए हैं।

## सिविल सर्विसेज की करें तैयारी

अगर आप चाहें तो बीए करने के बाद सिविल सर्विसेज एग्जाम जैसे यूपीएससी आदि की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेट लेवल एग्जाम का हिस्सा बनें।

अगर आप इसे क्लीयर कर पाते हैं तो आपको बिना किसी परेशानी के आसानी से गवर्नमेंट जॉब मिल जाती है और गवर्नमेंट सर्विसेज का हिस्सा बन जाते हैं।

## करें प्रोफेशनल राइटिंग

बीए करने के बाद आप प्रोफेशनल राइटिंग के क्षेत्र में भी हाथ आजमा सकते हैं। आमतौर पर, यह एक क्रिएटिव फील्ड है, जिसमें आप अपने विचारों को बेहद ही खास तरह से पेश करते हैं। यदि आपके पास साहित्य में डिग्री है, तो आप निश्चित रूप से क्रिएटिव राइटिंग की फील्ड में काम कर सकते हैं। आप स्क्रिप्ट, से लेकर भाषण, स्क्रीनप्ले, कविताएं आदि लिख सकते हैं। अगर आपका लेखन अच्छा है तो आप प्रोफेशनल राइटिंग करके अच्छी खासी कमाई कर सकती है।

## करें लॉ

अगर आप बीए की डिग्री हासिल करने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, तो आप बैचलर ऑफ लॉ या एलएलबी चुन सकते हैं। इस तीन साल के कोर्स के बाद आपको लीगल रीजनिंग से लेकर एनवायरनमेंटल लॉ, इंश्योरेंस लॉ आदि की गहन जानकारी हो जाती है। आप चाहें तो इसके बाद एलएलएम भी कर सकते हैं।

## करें बिजनेस मैनेजमेंट

बीए करने के बाद आप बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह एक साल का शॉर्ट टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को अलग–अलग बिजनेस एक्टिविटीज और मैनेजमेंट से जुड़े सिद्धांतों का ज्ञान मिलता है। इसके बाद आप कई अलग–अलग आर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी सेटअप कर सकते हैं।

# कोलंबिया- राष्ट्रपति उम्मीदवार को नाबालिग ने सिर में गोली मारी

## सर्जरी का पहला फेज पूरा; अगले कुछ घंटे अहम; चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे

एजेंसी

बोगोटा, साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। द गार्डियन के मुताबिक पहले फेज की सर्जरी की पूरी हो गई है। हालत नाजुक बनी हुई है, अगले कुछ घंटे बेहद अहम हैं। घटना स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उरीबे को तीन गोलियां लगी है, इनमें से एक गोली के उनके सिर में लगने की खबर है। उरीबे राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। 39 वर्षीय उरीबे विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि उरीबे को संबोधन के दौरान हमलावर ने पीठ में गोली मारी। बोगोटा के मेयर कार्लोस गलान ने



बताया कि यह हमला शहर के फोंतिबोन इलाके में हुआ। उरीबे की हालत को देखते हुए पूरे शहर के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है पुलिस ने 15 साल के आरोपी हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। उरीबे कोलंबिया की मशहूर पत्रकार डायना टर्बे के बेटे हैं। डायना को 1991 में ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार के मेडेलिन कार्टेल ने बोगोटा में अगवा कर लिया था। डायना उस दौर की एक बड़ी पत्रकार थीं, जो ड्रग तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लगातार लिख रही थीं। बचाव अभियान के दौरान उनकी जान चली गई थी। मिगुएल उरीबे का रिश्ता बचपन से राजनीति से रहा है। वे पूर्व राष्ट्रपति जूलियो सीजर टर्बे के पोते हैं। जूलियो सीजर टर्बे 1978 से 1982 तक कोलंबिया के 25वें राष्ट्रपति रहे। वह कोलंबियाई लिबरल पार्टी के एक प्रमुख नेता थे। उनकी राजनीतिक विचारधारा लिबरल थी और वे सामाजिक सुधारों के पक्षधर थे, लेकिन उनकी रुढ़िगत नीतियों ने उन्हें विवादास्पद बनाया। अमेरिका में पिछले साल 13 जुलाई को तत्कालीन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर पेंसिलवेनिया के बटलर शहर में एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। उस दौरान एक 20 साल के हमलावर ने 400 फीट दूर से 8 राउंड फायर किए थे।। इनमें से एक गोली ट्रम्प के दाहिने कान को चीरते हुए निकल गई थी। ट्रम्प का चेहरा खून से सन गया था। आरोपी को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मौके पर ही ढेर कर दिया था। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की साल 2022 में गोली मारकर हत्या हुई थी इससे पहले जुलाई 2022 में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आबे नारा शहर में इलेक्शन कैंपेन के दौरान स्पीच दे रहे थे।


42 साल के हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। दो गोलियां लगने के फौरन बाद आबे गिर पड़े। उन्हें हेलिकॉप्टर से नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां 6 घंटे बाद उनकी मौत हो गई थी।

# कनाडा में पत्रकार पर खालिस्तानियों का हमला

## कहा- हमलावरों ने फोन छीना, मारपीट की, जल्द ही वीडियो अपलोड करूंगा

एजेंसी

कनाडा, कनाडा में रविवार को खालिस्तानी समर्थकों ने एक पत्रकार मोचा बेजिरगन पर हमला कर दिया। मोचा ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमलावरों में एक शख्स शामिल था, जो पिछले एक साल से उनका पीछा कर रहा था और उसकी गतिविधियों पर ऑनलाइन निगरानी कर रहा था। मोचा ने बताया कि यह हमलावर ब्रिटेन का नागरिक है। साथ ही लंबे समय से मोचा को परेशान कर रहा था और उसके खिलाफ गंदी भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा था। मोचा पिछले एक साल से कनाडा, अमेरिका, यूके और न्यूजीलैंड में खालिस्तानी प्रदर्शनों को




कवर कर रहे हैं। मोचा के मुताबिक उनकी रिपोर्टिंग से नाराज कुछ लोग उन्हें खरीदने और धमकाने की कोशिश करते हैं। मोचा ने कहा- कुछ लोग मेरी रिपोर्टिंग को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। यह हमलावर कनाडा का नागरिक भी नहीं है, फिर भी मुझे धमका रहा है। उन्होंने बताया कि खालिस्तानी एक कार्यक्रम में उनके मारे गए लोगों को सम्मानित कर रहे थे। मोचा वहां इस कार्यक्रम को कवर कर रहे थे। तभी कुछ हमलावरों ने उनके साथ झड़प शुरू कर दी। मोचा ने बताया कि वह मेरे चेहरे के पास आ रहे थे। मैंने उसे दूरी बनाए रखने को कहा, लेकिन उसने नहीं माना। फिर दो-तीन और लोग मुझे घेरने लगे। इसके बाद मोचा ने घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड करना शुरू किया। जिसके बाद कुछ हमलावर डरकर हट गए, लेकिन एक व्यक्ति ने उनका फोन छीन लिया और रिकॉर्डिंग रोक दी। पुलिस ने हमलावर को चेतावनी दी, लेकिन उसने परेशान करना जारी रखा। मोचा ने कहा- पुलिस बहुत नरमी बरतती है। मैंने पहले भी इस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी, लेकिन कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हमलावर ने पुलिस की चेतावनी के बाद भी उनका पीछा किया। मोचा ने कहा कि हमलावर अब ऑनलाइन उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हमलावरों ने दावा किया कि वह मोचा से बस सवाल पूछ रहें थे। मोचा ने इसका खंडन करते हुए कहा- यह सवाल पूछने का तरीका नहीं है। मुझे धमकाया गया, मेरा फोन छीना गया और मुझे घेर लिया गया। यह कोई बातचीत नहीं थी। जल्द ही इस घटना का वीडियो अपने चैनल पर अपलोड करूंगा।

# पाक रक्षा मंत्री बोले- भारत को जल युद्ध में हराएंगे

## कहा– वह जानबूझकर चिनाब का पानी कंट्रोल कर रहा; सीक्रेट बातचीत से इनकार

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा है कि उनका देश भारत को वाटर वॉर में हराएगा। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए आसिफ ने कहा- चिनाब नदी में जल प्रवाह सामान्य से काफी कम है, भारत जानबूझकर इसे कंट्रोल कर रहा है। आसिफ ने दावा किया कि भारत कन्वेंशनल (पारंपरिक) युद्ध में हार चुका है और अब हम उसे जल युद्ध में भी हराएंगे। उन्होंने उन अफवाहों को भी खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई सीक्रेट बातचीत चल रही है। पाकिस्तान की सिंधु नदी सिस्टम अथॉरिटी (आईआरएसए) ने एक हफ्ते पहले अपनी रिपोर्ट में बताया था कि देश में सिंधु, झेलम और चिनाब नदी के प्रवाह में 21% की कमी आई है। खैबर पख्तूनख्वा राज्य में स्थित प्रमुख बांध मंगला और तरबेला में 50% से भी कम पानी बचा है। आईआरएसए के मुताबिक 2 जून 2025 को पंजाब में कुल पानी की उपलब्धता सिर्फ 1,28,800 क्यूसेक थी, जो पिछले साल के मुकाबले 14,800 क्यूसेक कम है। वहीं, पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, 2 जून 2025 तक पंजाब प्रांत में सिंधु नदी सिस्टम में पानी की उपलब्धता पिछले साल के मुकाबले



10.3% कम हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद अब भारत, पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह के आंकड़े शेयर नहीं करेगा। इससे बरसात के मौसम में बाढ़ मैनेजमेंट भी मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तान के ऊपर एक एंटी साइक्लोन बन गया है। इस वजह से कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। बलूचिस्तान के कई इलाकों में 16 घंटे बिजली कटौती हो रही है, इस वजह से गर्मी काटना मुश्किल हो गया है। अभी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को पाकिस्तान पहुंचने में 3 हफ्ते लगेंगे, ऐसे में आने वाले हफ्ते और ज्यादा मुश्किल भरे हो सकते हैं। पानी की कमी से जूझते पाकिस्तान ने भारत को सिंधु जल संधि को दोबारा बहाल करने की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्लामाबाद ने भारत से इस फैसले पर फिर विचार करने के लिए 4 लेटर भेजे हैं। इनमें से एक ऑपरेशन सिंदूर के बाद भेजा गया। भारत ने यह संधि अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद निलंबित कर दी थी, जिसमें 26 भारतीय पर्यटकों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया।

भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को पूरी तरह और भरोसे के साथ खत्म नहीं करता, तब तक यह संधि निलंबित ही रहेगी। भारत सरकार की कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) ने भी इस फैसले को मंजूरी दी है।

# अमेरिका के लॉस एंजिल्स में हिंसक प्रदर्शन

## पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके, ट्रम्प ने 2000 नेशनल गार्ड्स भेजे; अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई का विरोध

एजेंसी

लॉस एंजिल्स, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के विरोध में दो दिन से जारी प्रदर्शन हिंसक हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने भारतीय समयानुसार रविवार सुबह पुलिस पर पत्थर और पटाखे चलाए। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट (आईसीई) पर आंसू गैस और पैट्रोल बम दागे। साथ ही हाथों में मेक्सिको का झंडा लेकर आईसीई लॉस एंजिल्स से बाहर





जाओ जैसे नारे भी लगाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड्स को भेजा है। लॉस एंजिल्स में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था। इसी का विरोध हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, हर दिन करीब 1600 अवैध अप्रवासियों को पकड़ा जा रहा है। दरअसल, होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने दावा किया कि एक हजार प्रदर्शनकारियों ने एक संघीय भवन को घेरकर कउए अधिकारियों पर हमला किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर न्यूसम ने राज्य में नेशनल गार्ड्स की तैनाती को जानबूझकर भड़काने वाला कदम बताया। लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास ने भी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट के छापों की निंदा की। उन्होंने कहा, ये रणनीतियां हमारी कम्युनिटी में डर पैदा करती हैं और शहर की सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेशनल गार्ड की तारीफ करने पर शहर की मेयर कैरेन बॉस ने कहां कि अभी तक लॉस एंजिल्स में नेशनल गार्ड की तैनाती नहीं हुई है। वे अभी यहां पहुंचे भी नहीं है। वहीं, कैलिफोर्निया में ट्रम्प प्रशासन के कानून प्रवर्तन अधिकारी ने अगले 24 घंटे में नेशनल गार्ड्स के लॉस एंजिल्स में पहुंचने की बात कही है। ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों को रिकॉर्ड संख्या में निर्वासित करने और अमेरिका-मेक्सिको सीमा बंद करने का वादा किया है।

# कर्नाटक भाजपा ने विरोध प्रदर्शन, सीएम और उपमुख्यमंत्री का मांगा इस्तीफा



एजेंसी

कर्नाटक के भाजपा विधायकों और सांसदों ने रविवार को विधान सौध में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया और 4 जून को बेंगलुरु में हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के इस्तीफे की मांग की। इस दुखद घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 अन्य घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर्नाटक विधानसभा और विधान परिषद में विपक्ष के नेता आर. अशोक और भाजपा नेता चालावाड़ी नारायणसामी ने किया। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया, जिसने सीधे तौर पर इस त्रासदी में योगदान दिया। प्रदर्शनकारियों ने सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों को मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। सबसे तीव्र नारों में सीएम और डिप्टी सीएम को पद से हटाने की मांग शामिल थी, कुछ प्रदर्शनकारियों ने घटना में उनकी भूमिका के लिए उन्हें ₹हत्यारा₹ करार दिया। यह भगदड़ 4 जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई, जहाँ इंडियन प्रीमियर लीग

**भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया, जिसने सीधे तौर पर इस त्रासदी में योगदान दिया। प्रदर्शनकारियों ने सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों को मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।**

(आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए बड़ी भीड़ जमा हुई थी। पुलिस की चेतावनी और अनुमति न मिलने के बावजूद, कार्यक्रम जारी रहा, जिससे भीड़ के एक संकीर्ण क्षेत्र में बढ़ने से अराजकता फैल गई। भगदड़ में मरने वालों की संख्या 11 हो गई, जबकि 56 अन्य घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए अशोक ने सरकार पर जोखिम के बावजूद कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ₹यह एक सरकार द्वारा प्रायोजित हत्या है,₹ उन्होंने दावा किया कि जश्न मनाने की अनुमति देने का सरकार का फैसला मानव जीवन के प्रति घोर उपेक्षा है। भाजपा नेताओं द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों में से एक जश्न का समय था। अशोक ने तर्क दिया कि पहली मौतें होने के बाद भी जीत का जश्न जारी रहा। उनके अनुसार, पहली मौत दोपहर 3:15 बजे के आसपास हुई,

# राजस्थान में फिर सुलग रही गुर्जर आंदोलन की आग

## पटरी पर दौड़े लोग, दिल्ली-मुंबई रूट जाम

**हिंडौन–बयाना स्टेट हाईवे के पास हो रही महापंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के नेतृत्व में गुर्जरों के लिए आरक्षण समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि महापंचायत को सरकार के मसौदे को सुनने के बाद समाप्त कर दिया गया।**

एजेंसी

राजस्थान में एक बार फिर से गुर्जर आंदोलन की राह पर हैं। भरतपुर जिले के पीलूपुरा गांव में आज को गुर्जर समुदाय की महापंचायत हो रही है, जहां पिछले दो दशकों में समुदाय अक्सर बड़े आंदोलन करता रहा है। हिंडौन-बयाना स्टेट हाईवे के पास हो रही महापंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के नेतृत्व में गुर्जरों के लिए आरक्षण समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि महापंचायत को सरकार के मसौदे को सुनने के बाद समाप्?त कर दिया गया। लेकिन युवाओं ने कहा कि वे सरकार के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं



और आंदोलन जारी रखना चाहते हैं। आरक्षण के मुद्दे पर भरतपुर में गुर्जर समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया। विजय बैंसला वरिष्ठ गुर्जर नेता कर्नल केएस बैंसला के पुत्र हैं, जिन्होंने चार साल पहले अपनी मृत्यु तक समुदाय के आंदोलन का नेतृत्व किया था। गुर्जर समुदाय ने सरकार को रविवार दोपहर एक बजे तक का अल्टीमेटम दिया था। बयाना के पीलूपुरा-कारवाड़ी इलाके में गुर्जर समुदाय के लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक विजय बैंसला ने कहा, ₹हमें अधूरे अधिकार मिले हैं। हमें उन्हें पूरी तरह से हासिल करना है। इसके लिए पीलूपुरा में गुर्जर समुदाय की यह महापंचायत बुलाई गई है।₹ विजय बैंसला ने कहा कि समुदाय कोई बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को मांगों का पत्र दिया गया है। महापंचायत में सरकार मसौदा मांगेगी। सरकार की ओर से जो भी संदेश आएगा, उस पर सभा में चर्चा की जाएगी। विजय बैंसला ने कहा कि अब हम सरकार से बातचीत के लिए नहीं जाएंगे। सरकार को किसी सक्षम आईएएस अधिकारी के साथ पत्र भेजना चाहिए। अगर पत्र भेजा जाता है तो महापंचायत में समाज के सामने उसे पढ़कर सुनाया जाएगा। इसके बाद समाज जो भी कहेगा, उस पर मौके पर निर्णय लिया जाएगा। दूसरी ओर, भजनलाल सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम कहते हैं, ₹जब सरकार बातचीत के लिए तैयार है, तो फिर महापंचायत क्यों?₹ गुर्जरों के विरोध प्रदर्शन के कारण, करौली से भरतपुर जाने वाले लोगों के लिए बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे की बजाय हिंडौन-कलसाडा-भुसावर से यातायात को डायवर्ट किया गया है।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप ने भाजपा छोड़ी, कहा कि वह 'बिहार और बिहारियों के लिए लड़ना चाहते हैं'

**लोकप्रिय यूट्यूबर मनीष कश्यप ने फेसबुक लाइव सेशन के दौरान अपने फैसले की घोषणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आधिकारिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। एक भावुक संबोधन में, कश्यप ने घोषणा की कि वह अब पार्टी के सक्रिय सदस्य नहीं हैं।**



एजेंसी

लोकप्रिय यूट्यूबर मनीष कश्यप ने फेसबुक लाइव सेशन के दौरान अपने फैसले की घोषणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आधिकारिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। एक भावुक संबोधन में, कश्यप ने घोषणा की कि वह अब पार्टी के सक्रिय सदस्य नहीं हैं। पिछले महीने, मनीष कश्यप को पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) में कुछ जूनियर डॉक्टरों ने कथित तौर पर पीटा था। उन्होंने पार्टी छोड़ने के अपने कारणों को बताते हुए कहा, ₹मैं भाजपा में रहते हुए खुद की रक्षा नहीं कर सका। मैं दूसरों की मदद कैसे कर सकता हूँ?₹ कश्यप ने पार्टी द्वारा निराश महसूस करने का संकेत दिया और सुझाव दिया कि पार्टी के भीतर उनकी भूमिका अप्रभावी हो गई है। कश्यप ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के बारे में अटकलों के बीच 25 अप्रैल, 2024 को आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि, पार्टी के साथ उनका जुड़ाव अल्पकालिक प्रतीत होता है।

# श्मशान, मंदिर और जलाशय पर हिन्दू समाज की सभी जातियों का समान अधिकार

## कानपुर में संघ प्रमुख का बड़ा बयान

**सामूहिक विचार और निर्माण के महत्व को समझाते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय होता है।**

एजेंसी

कानपुरः यूपी के कानपुर के नवाबगंज स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में रविवार को आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के कार्यक्रम को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा शाखा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक हमारा संपर्क होना चाहिए. संघ व्यक्ति के निर्माण का कार्य करता है. व्यक्ति निर्माण का मतलब है, परिवार के साथ समाज, राष्ट्र और संपूर्ण मानव जाति अर्थात विश्व के प्रति भी अपने दायित्व की अनुभूति. हम कहते हैं विश्व एक परिवार है. संघ जैसे-जैसे बड़ा हुआ है, वैसे-वैसे उनसे अपना दायरा बढ़ाकर अपने कार्यकताओं के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में संघ की ओर से विस्तार भी किया है. उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से पूरे देश में लाखों सेवा कार्य जो किए गए हैं, वो इसकी बानगी हैं.मोहन भागव ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा समय में संघ अपने शताब्दी वर्ष में है और इस शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन के आधार पर पूरा समाज एक बड़े परिवर्तन की



ओर जाने के लिए प्रयासरत है. ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो. ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करें. ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो. साथ ही जहां पर मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो. संघ प्रमुख ने कहा कि इन सभी बातों को लेकर स्वयंसेवकों को बहुत अधिक गंभीर होना होगा. उन्हें हमेशा ये याद रखना होगा कि उन्हें आपस में किसी भी सूरत पर बंटना नहीं है. सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर काम करना होगा.संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जहां काफी दिनों से कानपुर में डेरा डाले हुए हैं, तो वहीं शनिवार शाम को संघ प्रमुख मोहन भागवत कानपुर पहुंच गए. शहर के चकेरी एयरपोर्ट में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वह सीधे वहां से पं.दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय पहुंचे.